CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -287 राजनांदगांव, गुरूवार 05 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए




## हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा-राहुल गांधी

रामबन। जम्मू-कश्मीर के रामबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की जनता से स्टेटहुड वापस दिलाने का वादा किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहली बार हिंदुस्तान के एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों के अधिकार छीने गए। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वो राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर बाहर के लोगों को दे रहा है।

राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा, हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा मिले और फिर चुनाव हों, लेकिन भाजपा यह नहीं चाहती। भाजपा चाहे या ना चाहे, इंडिया गठबंधन इतना दबाव डालेगी कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना ही होगा।÷

रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा, ÷एक बात तो मान लीजिए कि यहां कांग्रेस पार्टी की अलायंस की सरकार आने वाली है। यह निश्चित है और यह होने जा रहा है। हमारा पहला काम सभी सरकारी रिक्तियों को भरना और आयु सीमा को 40 साल करना होगा। हम दैनिक वेतन भोगियों को नियमित और स्थायी करेंगे और उनकी आमदनी बढ़ाएंगे।

बता दें कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीट पर चुनाव लड़ेगी। 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए 18 सितंबर, दूसरे चरण में 25 सितंबर और तीसरे चरण में 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। जबकि, वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। घाटी में साल 2014 के बाद से यह पहला विधानसभा चुनाव होगा, क्योंकि 2019 में आर्टिकल-370 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं।

## त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ बुधवार को हुआ शांति समझौता



नयी दिल्ली। त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।

गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है। गृह मंत्रालय में आयोजित हस्ताक्षर समरोह में उपस्थित एनएलएफटी और एटीटीएफ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह आनंद का विषय है कि आपने 35 साल द्वंद्व और संघर्ष को समाप्त करने के लिए हथियार डालकर आप मुख्यधारा में शामिल हुए है और समस्त त्रिपुरा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद पूर्वात्तर में शांति स्थापना और विकास के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच फासले को रेल, सड़क और विमान के जरिये किया ही किया, साथ ही उन्होंने दिलों को जोड़ने का भी काम किया है। उन्होंने इस संदर्भ में 'अष्ट-लक्ष्मी' और 'पूर्वोदय' जैसी प्रधानमंत्री के पहल का भी उल्लेख किया। हस्ताक्षर समारोह में मणिपुर के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक शाह और पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव देव, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन डेका तथा केन्द्र और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के उग्रवाद, हिंसा और संघर्ष से मुक्त, विकसित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में गृह मंत्रालय निरंतर प्रयास कर रहा है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में शांति और समृद्धि बहाल करने के लिए अब तक 12 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें से तीन त्रिपुरा राज्य से संबंधित हैं।

गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पूर्वोत्तर में शांति स्थापना के लिए पिछले 10 वर्षों में उग्रवादियों के साथ हुए समझौतों में 10 हजार लोग हथियार छोड़ कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं।




## हरियाणा में भाजपा ने 40 सीटों पर बदले उम्मीदवार, 5 विधायक और 4 पूर्व मंत्रियों का कटा टिकट



चंडीगढ़। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा के चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भाजपा ने बुधवार को अपनी पहली सूची में 67 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने दो बार चुनाव हार चुके उम्मीदवारों पर दांव नहीं खेला और 40 सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए हैं।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा सीट से चुनाव लड़ेंगे। सूची में आठ मंत्रियों, नौ विधायकों, पांच पूर्व मंत्रियों के नाम हैं, जबकि तीन मंत्रियों, पांच विधायकों और चार पूर्व मंत्रियों के टिकट काट दिए गए हैं।

### भाजपा ने दो मंत्रियों को रखा होल्ड पर

दो मंत्रियों सीमा त्रिखा और डॉ. बनवारी लाल की सीट होल्ड पर रख दी है।भाजपा ने जिन तीन मंत्रियों के टिकट काटे हैं, उनमें बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, खेल एवं वन राज्य मंत्री संजय सिंह और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री विशंभर वाल्मीकि शामिल हैं।


रणजीत चौटाला रानियां से निर्दलीय चुनाव जीते थे, लेकिन वह बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। महिला कोच द्वारा यौन शोषण के आरोपों से विवादित चल रहे पूर्व खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह को भी इस बार टिकट नहीं मिला है।

### नौ विधायकों पर जताया दोबारा भरोसा

भाजपा ने नौ विधायकों को दोबारा टिकट दिए हैं। जिन पूर्व मंत्रियों को दोबारा चुनाव लड़वाने का निर्णय लिया है, उनमें विपुल गोयल और राव नरबीर के अलावा कलायत से कमलेश ढांडा शामिल हैं। जिन पूर्व मंत्रियों के टिकट काटे हैं, उनमें सोनीपत से पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व मंत्री कर्ण देव कांबोज, पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शामिल हैं। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के वंशजों पर विश्वास जताया गया है। भूतपूर्व सीएम राव बीरेंद्र सिंह की पोती और केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव अटेली से चुनाव लड़ेंगी। चौधरी भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई को आदमपुर तथा चौधरी बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी को तोशाम से टिकट दिया गया है।

## पड़ोसी मुल्क पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया कटाक्ष, कहा- पाकिस्तान का बड़ा भाई बन जाएगा बांग्लादेश

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश का नियंत्रण ऐसे हाथों में चला गया है कि वह 'पाकिस्तान का बड़ा भाई' बन जाएगा। इस पड़ोसी देश से निवेशक मुंह मोड़ लेंगे।



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह दिल्ली के भारत मंडपम में 14-17 फरवरी को आयोजित होने वाले भारत टेक्स 2025 के एक पूर्व समारोह में बोल रहे थे। मंत्री की यह टिप्पणी बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसा को लेकर आई है जिसके कारण बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ।

### बांग्लादेश पाकिस्तान जैसा बन गया तो...

उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेश पाकिस्तान जैसा बन गया तो निवेशक वहां जाने से पहले सोचेंगे। अगर बांग्लादेश पाकिस्तान जैसा बन जाता है, तो निवेशक वहां जाने से पहले सोचेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि हर क्षेत्र को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से जोड़ने की योजना है।

### कपड़ा मंत्रालय का समर्थन प्राप्त

गिरिराज सिंह ने कहा, '..हम हर क्षेत्र को इससे जोड़ने के लिए और अधिक पीएलआई योजनाएं लाने की कोशिश कर रहे हैं।' भारत टेक्स 2025 एक मेगा वैश्विक कपड़ा कार्यक्रम है, जिसका आयोजन कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषदों के एक संघ द्वारा किया जा रहा है और इसे कपड़ा मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। यह कार्यक्रम भारत मंडपम और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा के जुड़वां स्थलों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा।




## पीएम मोदी ने दी हरविंदर को बधाई, तीरंदाज ने भारत को दिलाया पेरिस पैरालंपिक में चौथा स्वर्ण



पेरिस। पेरिस पैरालंपिक में भारत का अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी है। बुधवार को तीरंदाज हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। पीएम मोदी ने उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। पीएम ने हरविंदर की ऐतिहासिक जीत पर अपने एक्स हैंडल पर लिखा- पैरा तीरंदाजी में एक बहुत ही खास स्वर्ण पदक! पैरालंपिक 2024 में पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतने के लिए हरविंदर सिंह को बधाई! उनकी सटीकता, ध्यान और अटूट भावना शानदार है। भारत उनकी उपलब्धि से बहुत खुश है।

### अंक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंचा भारत

पेरिस पैरालंपिक में भारत ने चौथा स्वर्ण पदक जीता है। अब भारत के नाम 22 पदक हो गए हैं। इनमें चार स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य

## पीएम आवास योजना स्वीकृत : सीएम साय ने पीएम मोदी का जताया आभार, बोले- कांग्रेस ने 18 लाख लोगों का हक छीना

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 8,46,931 आवासों की स्वीकृति मिल गई है। जिसको लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने प्रेस वार्ता में कहा कि, प्रदेश के लोगों के लिए आज खुशी का दिन है। पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने पीएम आवास को रोककर रखा था। उसे आज स्वीकृति मिल गई है।



सीएम श्री साय ने कहा कि, प्रदेश के लोगों के लिए आज खुशी का दिन है। पिछले पांच साल कांग्रेस सरकार ने पीएम आवास को रोककर रखा था। जिसमें 18 लाख लोग पीएम आवास से वंचित हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका श्रेय न मिले इसलिए 18 लाख लोगों का हक छिना गया था। पीएम मोदी ने चुनाव में वादा किया था कि, पहला सीएम जो भी बनेगा वह पीएम आवास की घोषणा करेगा। जिसके बाद हमारी सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में स्वीकृति दे दी थी।

### प्रधानमंत्री आवास के लिए सीएम ने जताया आभार

उन्होंने आगे कहा कि, नए वित्तीय वर्ष में 8 लाख 46 हजार आवास की स्वीकृति मिली है। प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति के लिए मैं पीएम मोदी को आभार व्यक्त करता हूं।

पिछली कांग्रेस सरकार में 47 हजार आवास की स्वीकृति दे दी गई थी। पहली किस्त भी इन परिवारों को जारी की गई थी। सरकार इन परिवारों को भी दूसरी किस्त देने जा रही है। किसी परिवार के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा और नीयद नेल्लानार के तहत पीड़ित परिवारों को पीएम आवास हम देंगे।










CMYK

# महिला उत्पीडन व बालिका शोषण के खिलाफ समाजसेवी महिलाओं ने मोर्चा खोला

## समाज में जन-जागरूकता के लिए कसी कमर, शैक्षणिक संस्थाओं छात्रावासों व सामाजिक क्षेत्रों में जाकर चलाएगी जागरूकता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। देश में बढ़ रही महिला उत्पीड़न व बालिका शोषण के मामले को लेकर चिंतित समाज सेवी महिलाओं ने इसके खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाने सामने आई है। या यह कहना चाहिए कि महिला उत्पीड़न व बलात्कार के बढ़ते अपराध के खिलाफ समाजसेवी महिलाओं ने एक प्रकार से मोर्चा खोल दिया है। इस पहल के सम्बंध में कस्तुरबा महिला मंडल व राजपूत समाज की ओर से एक पत्रकार वार्ता आयोजित बताया गया कि समाज में महिलाओं के उत्पीडन् व बालिका शोषण के खिलाफ वे सभी जन-जागरूकता अभियान चलाने जा रही है। इसके लिए समाजसेवी महिलाओं का शीघ्र ही एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कस्तुरबा महिला मंडल की संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी ने कहा कि महिला उत्पीड़न व बालिका शोषण बहुत संवेदन शील एवं गंभीर मामला है इसलिये समाज के सभी वर्ग के लोगों सहित शैक्षणिक संस्थाओं बालिका छात्रावास के व्यवस्थापकों को सचेत एवं सजग सतर्क रहने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि सबके घर बहन-बेटियां हैं इनकी सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। खास कर पुरुषों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त संस्था-सगठनों एवं शिक्षालयों को सजग सचेत व सतर्क करने के लिए महिला संगठन द्वारा यह जन-जागरूकता अभियान चलाने का महत्ती प्रयास किया जा रहा है।

राजपूत समाज महिला मंडल की अध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि हर परिवार में माता-पिता को अपने बच्चों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। बच्चों से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनसे नियमित जानकारी लेते रहना चाहिए। उनकी संगत किस तरह के लोगों के साथ है इसे भी वॉच करते रहना चाहिए। हर माता-पिता लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी संस्कारित करे उन पर भी नजर रखें। श्रीमती सिंह ने देश में बढ़ रही महिला उत्पीडन् व बलात्कार सम्बंधी घटनाओं के आकड़े भी प्रस्तुत किए और इसके लिए ज्यादा तर जिम्मेदार वाट्सअप को ठहराया। उसने नशे के कारण न केवल घर टूटने की बात कही अपितु महिला उत्पीड़न व बालिका शोषण में इसकी भूमिका बताई।

कस्तुरबा महिला मंडल की अध्यक्ष अलका जानी व सचिव साधना तिवारी ने कहा कि समाज में बढ़ते जा रहे महिला उत्पीडन् व बालिकाओं के शोषण के मामले को लेकर समाजसेवी महिलाएं काफी चिंतित एवं गंभीर है और वे उक्त हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने हेतु कमर कस ली है तथा इसके खिलाफ महिलाओं सहित सामाजिक जनों शैक्षणिक संस्थाओं व बालिका छात्रावासों में जाकर जागरूकता अभियान चलाने का मोर्चा ही खोल दिया है। उक्त हेतु समाजसेवी संस्थाओं की महिलाओं की एक कमेटी गठित की जा रही है जो समय-समय पर शैक्षणिक संस्थाओं-छात्रावासें व कार्यालयों में जाकर महिला सुरक्षा के सम्बंध में लोगों को जागरूकता किया जाएगा व उनकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में मुस्लिम नूरानी वेलफेयर कमेटी की श्रीमती सबीहा गाजी, ताहिरा अली, महिला काउंसलर की एकता अग्रहरि, हज कमेटी सदस्य रूबीना अल्वी, आराधना महिला मंडल की प्रभा बरडिया, राजपूत महिला मंडल की कनक लता सिंह, माहेश्वरी महिला मंडल की दीपा बागड़ी, सनातन महिला मंडल की अनुराधा लोहिया, मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज की आभा शर्मा, विप्र फाउडेशन की संध्या शर्मा, कसौधन वैश्य गुप्ता समाज की आशा गुप्ता, गुजराती महिला मंडल की नीता रायचा, महिला छात्र संघ अध्यक्ष सीमा डोले, महाराष्ट्र महिला मंडल की किरण शेंडे, श्यामसेवा व बम्लेश्वरी समूह की मोना गोसाई, खंडेलवाल महिला मंडल की सरला खंडेलवाल, साहू महिला प्रकोष्ठ की केसरी साहू सहित सर्व महिला मंडल की समाज सेवी महिलाएं उपस्थित थी। इस दौरान कमला कालेज की प्राचार्या श्रीमती हरप्रीत गुरुमीत गरचा की विशेष तौर पर उपस्थिति रही। इसी तरह कस्तुरबा विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता व व्यवस्थापक सीताराम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी महिलाए उपस्थित थी।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्राम आलीवारा पहुंचकर अभिभावकों एवं विद्यार्थी से की बात



### शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की गई

राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम आलीवारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर आवेदन मिलने पर ग्राम आलीवारा पहुंचे और वहां अभिभावकों एवं विद्यार्थी से बात की तथा स्कूल में शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की। विगत दिनों जनदर्शन में विद्यार्थी स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर पहुंचे थे। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्राम आलीवारा जाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों से बात की और खेद प्रगट किया।

अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए चिंतित होकर वस्तुस्थिति समझाने की कोशिश की थी और हमारे द्वारा नहीं समझ पाने के कारण हम सभी नाराज हो गए थे। लेकिन आज वे स्वयं आए और उन्होंने शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी है, जिससे हम सब संतुष्ट है। विद्यार्थियों ने उनकी बातों को गलत समझने के लिए खेद व्यक्त किया।

## पहला कॉलम...

### आज शिक्षक दिवस पर अग्रवाल समाज द्वारा अग्रशिक्षक सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। आज 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर अग्रवाल समाज द्वारा अग्र शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया ने बताया कि अपने जीवन में लंबे संघर्ष के बाद नारी गरिमा तथा अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की शिक्षाविद श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की स्मृति को संजोते हुए यह कार्यक्रम उन्हें आदरांजलि है। सायं 4 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व शिक्षक रामावतार गोयल होंगे। स्व. श्रीमती गीता देवी अग्रवाल ने अग्रवाल समाज में अपना सक्रिय एवं अमूल्य योगदान दिया था। उन्होंने रामाधीन मार्ग स्थित अपना गृह निवास गीता भवन समाज को दान कर दिया था। वे अग्रवाल महिला मंडल की अनेक वर्षों तक संरक्षिका रहीं। एक शिक्षिका के तौर पर सदर बाजार स्कूल में उन्होंने अध्यापन कार्य के साथ ही स्वयं के खर्चे से एक कक्ष और बरामदे का निर्माण कराया था। स्कूल के प्रति उनके इस उदार सेवा भाव की आज भी चर्चा होती है। अग्रवाल सभा के कोशाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव आलोक बिंदल ने सभी अग्र बंधुओं तथा मातृशक्ति से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में दी।

### मजदूर की मौत पर होम कंस्ट्रक्शन कम्पनी के सुपरवाइजर पर मामला दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंघानिया फार्म हाउस के पोल में गत दिनों करेंट आने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। उक्त घटना में मजदूर की हुई मौत के मामले में पायोनियर होम कंस्ट्रक्शन कम्पनी के सुरपरवाइजर राजकुमार रजक पर मामला दर्ज किया गया है। घटना गत मई माह की है। सिंघानिया फार्म हाउस में काम करने वाला मजदूर जागेश्वर साहू (36 वर्ष) उक्त कम्पनी में कन्ट्रक्शन कार्य के तहत लोहे की पोल गड़ा रहा था तभी पोल का उपरी हिस्सा उपर से गुजरी हाईटेंशन तार से टकरा गया जिससे हाई वोल्टेज करंट के प्रवाहित होने से उसकी चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई। उक्त घटना को होम कन्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाईजर की लापरवाही मानते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सीतादेवी श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ओंकार लाल श्रीवास्तव की माताश्री 84 वर्षीय श्रीमती सीतादेवी श्रीवास्तव का दोपहर 3:30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज प्रातः 11 बजे किया जायेगा। अंतिम यात्रा वैशाली नगर राजनांदगांव स्थित उनके निवास स्थान से निर्धारित समय पर निकलेगी।

# सुमति मंडल को विसर्जन झांकी स्पर्धा में मिला द्वितीय स्थान

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की सबसे प्राचीन गणेशोत्सव समिति सुमति मंडल, कामठी लाइन अपनी विसर्जन झांकी के लिए प्रसिद्ध रही है। पीढ़ी दर पीढ़ी नए सदस्य जुड़कर सुमति मंडल का नाम ऊंचा करते आ रहे है। अभी वर्तमान में 20 वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में 30-32 सदस्यों की युवा टीम सुमति मंडल को ऊंचाइयों की ओर ले जाने हेतु सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रही है, सभी में विशेष उत्साह है।

सुमति मंडल के अध्यक्ष अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि कोरोना काल के बाद से सुमति मंडल ने विसर्जन झांकी निकलना बंद कर दिया था, वर्ष 2023 में नई टीम बागडोर संभालने आगे आई, वरिष्ठ सदस्यों के निर्देशन में युवाओं ने सक्रियता का प्रदर्शन किया एवं विसर्जन झांकी में 'वृषभ अवतार' की आकर्षक स्वरूप में झांकी प्रस्तुत किया। नगर निगम द्वारा आज घोषित परिणाम में सुमति मंडल की झांकी को अ वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में मंडल की ओर से अशोक लोहिया, सुभाष चौरडिया, दीपक सोनी एवं निलेश शुक्ला ने महापौर एवं आयुक्त के हाथो 21000 रूपये का चेक प्राप्त किया।

श्री लोहिया ने इस पुरस्कार का पूरा श्रेय युवा टीम को दिया है, जिनकी सक्रियता से सुमति मंडल अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस प्राप्त करने में सफल हुआ है।



युवा टीम की सक्रियता ने सुमति मंडल को दिलाई पुनः प्रतिष्ठा

# आज करु भात खाकर तीजा उपवास रहेगी महिलाएं

## करेला सब्जी की मांग बढ़ी बाजार में, महंगी कीमत में बिक रहा करेला



राजनांदगांव (दावा)। भादो मास के शुक्ल पक्ष की तीज को छत्तीसगढ़ अंचल में तीजा का त्योहार पारम्परिक अनुष्ठान के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर खासकर महिलाओं में खासा उल्लास बना हुआ है। सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना से रखें जाने वाले कठिन व्रत तीजा को लेकर बाजार गर्म बना हुआ है।

तीजा आने वाली महिलाओं से न केवल पारा-मुहल्लो में रौनक बिखरी हुई बाजार भी गुलजार बना हुआ है। इससे बाजार में खरीददारी बढ़ गई है। बता दें कि हरितालिका व्रत के रुप में भी जाना जाने वाले तीजा उपवास रहने के एक दिन पूर्व सौभाग्यवती तीजहारिन महिलाएं करु भात खाती है और दूसरे दिन से गणेश चतुर्थी तक कटाकट उपवास रहती है। इसके बाद ही पूजा अनुष्ठान करके उपवास तोड़ती है। इससे बाजार में करेला सब्जी का ख़ासा उठाव बना हुआ है इससे इसकी मांग बढ़ गई है। तीजा व्रत में इसकी उपयोगिता को देखते हुए बाजार में करेला तरकारी महंगी कीमत में बिक रहा है। आज इसके दाम और भी आकाश छूने लगेगा। बहरहाल बाजार में इसकी अच्छी मांग बनी हुई है।

इधर तीजा मनाने अपने मायके आने वाली तीजहारिन महिलाओं के कारण बसों व ट्रैनों में अत्यधिक भीड़ देखने को मिल रही है। बस-ट्रेनो सहित पारा-मुह्ला व बाजार का माहौल गुलजार बना हुआ है। शहर के बाजार में करेला सब्जी की बड़ी संख्या में लोगों को खरीदारी करते देखा गया। आज भी दिन में तीजहारिन महिलाओं के करु भात खाने के लिए इसकी जमकर खरीदारी की जाएगी।

## आज डॉ. रमन सिंह पार्टी के सदस्यता अभियान में



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का आज दिनांक 5 सितम्बर को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे साथ ही भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भी भाग लेकर नागरिकों व कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह दोपहर 1 बजे शहर आयेंगे फिर वे दोपहर 2.15 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षा-गौरव अलंकरण समारोह में भाग लेंगे। फिर वे विधानसभा अध्यक्ष निवास आकर शाम 5.00 बजे माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पहुंचेगे। जहां भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लेंगे, फिर वे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## ब्रह्माकुमारीज में आज शिक्षक स्नेह मिलन

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शाम 7 बजे शिक्षक स्नेह मिलन एवं सारगर्भित उद्बोधन का कार्यक्रम रखा गया है। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज के लालबाग गली न 1 स्थित सेवाकेंद्र वरदान भवन में आयोजित होगा। वर्तमान समय विश्व कई प्रकार के संकट से गुजर रहा है जिसमे प्रमुख है चारित्रिक पतन का संकट। ऐसे समय शिक्षक शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को नैतिक आध्यात्मिक एवं मानसिक सशक्तिकरण की शिक्षा देकर उनके जीवन को दिव्य बना सकता है। परंतु उसके लिए सर्वप्रथम शिक्षको को उक्त तीनों पहलुओं में सशक्त होना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है शिक्षक परमात्मा शिव जो कि परम शिक्षक हैं के द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग का अभ्यास कर अपने जीवन को दिव्य बनाए। इन्ही उद्देश्यों को लेकर 'शिक्षक समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक' विषय पर यह आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम में शहर के सभी आदरणीय शिक्षकगण सादर आमंत्रित है। यह जानकारी सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने दी।

## पशुवध गृह व मटन मार्केट 7 सितम्बर को बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में दिनांक 7 सितम्बर दिन शनिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### शुभांक

(अनुमानित)

बी. के
2-6-8
289-9 578-0
राजधानी
2-5-8
467-7 160-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल की व्यवस्था बदहाल

## शासन ने शहर और आसपास जिलों की जनता को पकड़ाया झुनझुना





राजनांदगांव (दावा)। शासकीय मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल से लगातार सर्जन एवं अन्य डॉक्टरों के त्यागपत्र के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए शासन ने व्यवस्थाओं को पटरी में लाने के लिए बैठक तो की लेकिन बैठक के 2-3 माह बाद भी नतीजा कुछ नहीं निकला, आज भी मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीने स्टॉल नहीं हो पाई।

आज भी मेडिकल कॉलेज के मरीजों को सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए जिला अस्पताल और निजी डायगोनोस्टिक सेंटर पर निर्भर होना पड़ रहा है। कैंसर के मरीजों को कीमो थेरेपी के लिए भिलाई और रायपुर तक जाना पड़ रहा है। शासन ने शहरवासियों द्वारा मचाये बवाल को ठंडा करने के लिए कुछ डॉक्टरों की भर्ती की, लेकिन ये वे डॉक्टर है, जो मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2 साल के बॉण्ड पर शासकीय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देते है, ये डॉक्टर केवल सर्दी-खांसी और छोटी-मोटी बीमारियों का ही इलाज कर सकते है, बाकी बड़ी और गम्भीर बीमारियों से ग्रसित मरीज को निजी हॉस्पिटल या रायपुर रिफर करने की जिम्मेदारी निभा रहे है।

बात सीटी स्कैन मशीन की करें तो कांग्रेस की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने घोषणा की थी और फंड भी मेडिकल कॉलेज को मिल चुका था परंतु मेडिकल कॉलेज प्रशासन की उदासीनता और लचर व्यवस्था के चलते मशीन लग नहीं पाई। ऐसे में मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी है। कुछ दिनों पहले मेडिकल कॉलेज को एक और बिल्डिंग निर्माण के लिए करीब 2 करोड़ को फंड स्वीकृत हुआ है, अब इन्हें कौन बताये की मेडिकल कॉलेज को बिल्डिंग की नही, मशीनों और सर्जन डॉक्टरों की आवश्यकता है।

# अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय थलसेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ जिले में आयोजित किया जाएगा।

उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए सुबह 7.30 बजे पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव में निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए पात्र आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में आधार कार्ड, स्वयं का पासपोर्ट साईट फोटो एवं अग्निवीर थलसेना का पंजीयन फार्म एवं ई-मेल में चयनित का मैसेज की फोटोप्रति के साथ कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर या कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 07744-299523 पर अपना नाम दर्ज करा सकते है। निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए मोबाईल नंबर 7073207374 एवं 7587101900 पर संपर्क कर सकते है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम श्रीमती सिद्धि विवेक मिरानी पति श्री विवेक मिरानी हैं। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं विवाह प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजकुमारी लाखानी दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, पासपोर्ट सहित अन्य शासकीय/अर्धशासकीय, बैंक में मेरा नाम श्रीमती सिद्धि विवेक मिरानी दर्ज हैं, जो कि सही है।

मेरा नाम राजकुमारी लाखानी जिस किसी भी शासकीय/ अर्धशासकीय दस्जावेजों में दर्ज हैं को विलोपित कर मेरा सही नाम श्रीमती सिद्धि विवेक मिरानी (Smt. SIDHHI VIVEK MIRANI) दर्ज किया जावें।

सूचना जाने।

शपथकर्ता
श्रीमती सिद्धि विवेक मिरानी
पति विवेक मिरानी
म.नं. ए- 84, अर्बन रैनैसा,
मुक्तागिरी कालोनी, वार्ड नं. 45
कौरिनभाठा कलेक्टर बंगला के पीछे, राजनांदगांव (छ.ग.)

### कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला राजनांदगांव

// निविदा सूचना//

राजनांदगांव दिनांक 03/09/2024

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक/एफ-10-10/2018/ वाक. (आब)/पांच/ 2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/ आब./ ठेका/ 2024/ 4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारंभ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाडे पर दुकान/परिसर लेने बाबत कानूनी भवन मालिकों से निविदाएं बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेकनिकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फाईनेन्सियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

(1) विदेशी मदिरा दुकान वार्ड नं. 22 को आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से जी.ई. रोड में अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल. की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

(2) नगर निगम सीमा क्षेत्र के भीतर नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान पूरे साज सज्जा से युक्त हो।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्ते एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 18.09.2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते हैं।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.09.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 19.09.2024 को 1.00 बजे अपरान्ह उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 242502243/3

### राजस्व मामले में नोटिस
### मामले की श्रेणीः राजस्व

न्यायालय न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव
जिला- राजनांदगांव तहसील डोंगरगांव
प.ह.न. 00037 करमतरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2024-25-125-1-2348

पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- Chitrekha Sahu पिता/पति-Rohit Sahu पता-Village Karamitara
अनावेदक पक्षकार- Rohit पिता/पति-Revaramपता-Village Karamtara

**भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम करमतरा के भूमिस्वामी Rohit पिता/पति-Revaram पता-Village Karamtara के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमाक 280/3(0.2060), 335/2 (0.4530), 893/2(0.8330), 1049/2 (0.5580), 280/2(0.5660) में नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तियिके पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोटिस दिनांक- 29/08/2024
नोटिस क्रमांक....

राजस्व अधिकारी-PYARELAL NAG
पदनाम-तहसीलदार


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर
संघर्ष एक जंग
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अर्थ चन्द्रा, नेहा पाणिग्रही, अजय पटेल, संतोष सम्राट तिवारी आदि





आगामी ता. 6 से तही मोर आशिकी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
30th Aug to 05th SEP 2024
silver SCREEN





Stree 2 - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00 & 09:30 pm
Ae Dada Re (C.G) - 12:30 & 03:15 pm
Aho Vikramaarka (Hindi) - 06:15 and 09:15 pm
The Diary of West Bengal (Hindi) - 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## अनमोल दावा

**एक व्यक्ति अपने दिमाग के प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ सकता है, उसी तरह, खुद को नीचे भी गिरा सकता है।**

# बीजेपी समेत सभी पार्टियों पर बनता जा रहा जातिगत जनगणना का दबाव, कांग्रेस ने बना दिया चुनावी मुद्दा

कोई भी राजनीतिक दल आरक्षण के प्रावधान का सैद्धांतिक रूप से विरोध नहीं कर सकता। अब जिस तरह कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बना दिया है, उसमें हर पार्टी को अपना जनाधार संभालने की चिंता पैदा हो गई है।

जातिगत जनगणना के औचित्य पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सकारात्मक रुख से माना जा रहा है कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर सकती है। हालांकि विपक्षी दलों को इतने भर से संतोष नहीं है। वे चाहते हैं कि संघ और भाजपा इस पर अपना रुख स्पष्ट करें, केवल च्उपदेशात्मकज् बात न करें। दरअसल, इस विषय पर फिर से चर्चा इसलिए छिड़ गई है कि केरल के पलक्कड़ में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्वयंसेवक बैठक के अंतिम दिन उसके अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने प्रेस कांफ्रेन्स कर कहा कि जातिगत जनगणना का उपयोग राजनीतिक या चुनावी उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसका इस्तेमाल पिछड़ रहे समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए।

अभी तक संघ और भाजपा इस मसले पर कुछ भी कहने से बचते आ रहे थे। जातिगत जनगणना का मुद्दा असल में, पिछले कुछ समय से कांग्रेस काफी जोर-शोर से उठा रही है। कर्नाटक चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक में उसने इस पर जोर दिया। राहुल गांधी अपने हर भाषण में यह मुद्दा उठाते देखे जाते हैं। इसलिए कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा और आरएसएस को लगने लगा है कि इस विषय में लंबे समय तक चुप्पी साधे रहना नुकसानदेह हो सकता है। इसीलिए वे अब जातिगत जनगणना को उचित बताने लगे हैं।

आरक्षण का मुद्दा पिछले कुछ वर्षों में काफी संवेदनशील हो चुका है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ज्यादातर दल इसका इस्तेमाल अपना जनाधार बढ़ाने, आरक्षण से वंचित जातियों को अपने पाले में खींचने के मकसद से ही करते रहे हैं। मगर संवैधानिक बाध्यताओं के चलते राज्य सरकारें पचास फीसद की सीमा पार नहीं कर पातीं। कुछ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने भी आरक्षण का दायरा बढ़ा कर उसमें कुछ और जातियों को शामिल किया था। मगर तमाम प्रयोगों के बावजूद आरक्षण को लेकर बहुत सारे समुदायों और जातियों में असंतोष बना हुआ है। ऐसे में सिद्धांत रूप में यह उपाय निकाला गया कि जातिवार जनगणना होनी चाहिए और जिस जाति की जितनी संख्या हो, उसी आधार पर आरक्षण तय किया जाए। इसके लिए संविधान संशोधन हो। सर्वोच्च न्यायालय ने भी पिछले दिनों व्यवस्था दी कि मलाईदार तबके को आरक्षण की व्यवस्था से बाहर रखा जाना चाहिए और जातियों के भीतर उपजातियों का भी वर्गीकरण होना चाहिए। मगर इस व्यवस्था के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने देशव्यापी आंदोलन कर दिया था। कोई भी राजनीतिक दल आरक्षण के प्रावधान का सैद्धांतिक रूप से विरोध नहीं कर सकता। अब जिस तरह कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बना दिया है, उसमें हर पार्टी को अपना जनाधार संभालने की चिंता पैदा हो गई है। इसलिए यह कहना कि इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, आदर्श वाक्य जैसा हो सकता है। मगर वास्तव में सभी दल इसके जरिए अपना राजनीतिक हित साधने के प्रयास कर रहे हैं। यह तो सही है कि वंचित समुदायों और जातियों को उनकी संख्या के आधार पर वरीयता देकर ही उनके कल्याण की उम्मीद बन सकती है। पर हमारे देश में जिस तरह की जातिगत जटिलताएं हैं, उन्हें सुलझाना आसान काम नहीं है। अगर संघ और भाजपा सचमुच इसके पक्ष में हैं, तो उन्हें जातिगत जनगणना से जुड़ी गुत्थियों को सुलझाने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। इसमें दूसरे दलों से भी सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा होगी।

# शिक्षा और शिक्षक दिवस



प्रमेशदीप मानिकपुरी

शिक्षा किसी देश की रीड की हड्डी के समान होती है जिसकी मजबूती उस देश को भी मजबूती प्रदान करती है। शिक्षा समाज का अनिवार्य आवश्यकता है जिस प्रकार किसी देश के विकास के लिए वहां की अर्थव्यवस्था का मजबूत होना आवश्यक होता है और उसे मजबूत करने के लिए पूरा तंत्र कार्य करता है। जिसके लिए लगातार अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कही जाती है। अर्थव्यवस्था से ऊपर भी कोई तत्व है तो वो है शिक्षा जो की देश के विकास मे बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। शिक्षा के माध्यम से ही पूरे समाज का ताना-बाना बुना जाता है। कहते है किसी समाज में जिस प्रकार की शिक्षा दी जाती है उसी प्रकार से समाज का निर्माण होता है यदि शिक्षा व्यवस्था बेहतर होगी तो बेहतर समाज के निर्माण होगा शिक्षा कमजोर होगी तो कमजोर समाज समाज की निर्माण होगा अर्थात समाज की उन्नति और पतन दोनों में ही शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है।

शिक्षा में जीवन जीने के सारे कौशल भी आते है जो की स्वस्थ्य समाज निर्माण के लिए आवश्यक तत्व है इसमें नैतिकता का ज्ञान, संस्कृति का संरक्षण, सम्मान का भाव समानता के भाव को विकसित किए जाने की आवश्यकता है शिक्षा के माध्यम से मनुष्यो मे दयालुता, मानवता के गुण भी विकसित किए जाते है।

इसके लिए शिक्षा के सभी केंद्रों को बेहतर और विकसित करने की आवश्यकता है जिससे शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके और शिक्षा को उनके उचित आयामों तक पहुंचाया जा सके जिससे शिक्षा बेहतर से बेहतरीन की ओर आगे बढ़ सके।



आइये शिक्षा प्रदान करने वाले केंद्रों की भी चर्चा करते है सबसे पहले शासन द्वारा संचालित सभी शिक्षण केंद्रों का जिसमें प्राथमिक से लेकर के उच्चतर शिक्षा तद्उपरांत महाविद्यालय शिक्षा केंद्रों का नाम आता है सभी केंद्रों का नियंत्रण और कुशल संचालन सरकार द्वारा की जाती है उसके लिए पूरा सरकारी तंत्र विकसित किया गया है इतनी सारी कवायदो के बावजूद शिक्षा का स्तर मे आवश्यक सुधार और उन्नत समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है इस पर गहन विचार करने की आवश्यकता है कुछ अन्य पहलुओं पर बात करें जिसके माध्यम से शिक्षा को बच्चों तक कैसे आसानी से पहुंचाया जा सके और स्वस्थ समाज और सांस्कृतिक समाज का निर्माण किया सके। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक पालक और समुदाय का सहयोग जब तक नहीं मिलेगा तब तक शिक्षा मे सफलता प्राप्त नहीं होगा फिर स्वस्थ शिक्षा और स्वस्थ समाज की कल्पना करना केवल कोरी कल्पना ही होगी।

तमाम विसंगतियों के चलते हुये भी शिक्षक शिक्षा के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहा है परंतु अकेले शिक्षक के कार्य करने से ही शिक्षा में बेहतरी की कल्पना करना असंभव प्रतीत होता है शिक्षा का लक्ष्य विराट है और शिक्षा के महत्वपूर्ण लक्ष्य जिसमे सारे लक्ष्यो को सार रूप मे सर्वांगीण विकास के नाम से जानते है इसे प्राप्त करना अकेले शिक्षक के बस की बात नहीं है शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें समाज के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता होगी इसमें पालक बालक और विद्यालय सब का सामूहिक सरोकार आवश्यक है। जिस प्रकार अच्छी फसल के लिए अनुकूल वातावरण और जलवायु आवश्यकता होती है इसी प्रकार शिक्षा के लिए भी अनुकूल वातावरण समाज के माध्यम से बनाने की अवश्यकता है तभी शिक्षा को चरमोत्कर्ष की ओर ले जा सकेंगे परंतु अफसोस शिक्षा की व्यवस्था मे कमी शिक्षा में कमी के लिए केवल शिक्षक की कमजोरी मानते है।

शिक्षा मे कमी के लिए केवल शिक्षक को जिम्मेदार ठहराना सर्वथा अनुपयुक्त प्रतित होता है। शिक्षक निश्चित रूप से शिक्षा व्यवस्था का एक जिम्मेदार कड़ी है फिर भी अकेले ही शिक्षा की सारे आयामों की प्राप्ति शिक्षक नहीं कर सकता उसके लिए समाजिक सहयोग और अनुकूल वातावरण का होना भी अनिवार्य है।

शिक्षा की आवश्यकता को पूर्ण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है जिसे मिलकर निर्वहन करना चाहिए।

तभी शिक्षा अपने समय के साथ विकसित होकर विकास की ओर बढ़ेगी और पालक बालक और वातावरण के सामंजस्य के चलते शिक्षा के नए आयामों की प्राप्ति की जा सकेगी। शिक्षा के लिए बेहतर माहौल तैयार की जा सकेगी और फिर शिक्षा अपनी नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर ने हेतु निरंतर आगे बढ़ते जायेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे ही कुछ सामाजिक सरोकार की बात करती है जिसके माध्यम से समाज के लोगों को शिक्षा से की मूल धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा और शिक्षा को बेहतर करने के लिए और उनके सारे आयामों को प्राप्त करने के लिए लगातार कवायद शुरू की जाएगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष्य मे यदि हम देखें तो उसमे दिए गए बहुत सारे तथ्यों को अमलीजामा पहना दिया जाए तो शिक्षा की मूल धारा की ओर आसानी से बढ़ेंगे इसमें सामाजिक सरोकार की बात कही गई जिसमें पालक समुदाय और ग्रामीण जनों का शिक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करने की भी मंशा है। शिक्षक दिवस के इस पावन पर्व पर शिक्षा की बात करना अति आवश्यक हो जाता है शिक्षा से ही संस्कारों का उद्गम होता है गांव, देशऔर समाज का विकास होता है आइए हम सब मिलकर शिक्षक दिवस पर आज संकल्प ले कि शिक्षा और शिक्षा के विकास के लिए समाज और सामाजिक सरोकार की ओर एक कदम आगे बढ़कर शिक्षा के बदलाव में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुये हम सब मिलकर एक बेहतर शिक्षा की ओर आगे बढ़े ताकि देश और दुनिया मे भारत का नाम रोशन हो और हमारी भावी पीढ़ी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ राष्ट्र निर्माण मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

आमाचानी धमतरी छ.ग.
9907126431

# फुले कांस सकल महि छाई जनु बरसा कृत प्रकट बुढ़ाई..।

अशोक पटेल "आशु"



हमारे देश में मौसम का अपना अलग ही महत्व है, ऋतू के हिसाब से यह अपना प्रभाव बता ही देती है। जैसे-जैसे ऋतू आती है वैसे-वैसे यह ऋतू अपना लक्षण पहले से ही बताना शुरु कर देती है। जैसे कि ग्रीष्म ऋतू शुरू होने से पहले पतझड़, वर्षा ऋतू के पहले आंधी तूफान, गरज, चमक, और शीत ऋतू आने के पहले ओस की बारिश। इसके अलावा यह मौसम पुरी तरह साफ-सुथरा हो जाता है। ऐसे मौसम के परिवर्तन का संकेत देने वाला कोई और नही बल्कि हमारी प्रकृति ही है। कौन मौसम जा रहा है, और कौन आ रहा है यह प्रकृति ही बताती है। ऐसे मौसम की पहचान कराने वाला और धरा में चार चांद लगाने वाला, हमारा खेत-खलिहान, जंगल, पेड़-पौधे और हरी-भरी हरियाली है। और ऐसे हरियाली की आँचल सा लहराता छोटे-बड़े सुन्दर घांस ही है, जिसको कहा जाता है ''कांसी''। जो पूरे धरा में चारो तरफ लहराता सफेद दूधिया चादर ओढ़े दिखाई देता है।जिसकी सुंदरता मन को मोह लेती है।इस कांसी को अनेक नामों से जाना जाता है। जैसे कि- हिंदी में कांस-घास, कास, कांसी, कागरा और कुश आदि।

इस कांसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

प्राचीन काल में हमारे पास कोई विशेष मौसम के बारे म जानकारी लेने मौसम विज्ञान नही रहा करता था। तब हमारे बुजुर्ग लोग क्या करते, बस प्रकृति के उपर निर्भर रहा करते थे।ऐसे समय पर खेत-खलिहान, बखरी-बारी, के मेड़पार में उगने वाली कांसी पौधे को देखा करते थे।और जैसे ही यह कांसी फूल जाया करती थी तब इन लोगों को समझ म आ जाता था कि अब वर्षा ऋतू की बुढ़ापा आ गई है। अर्थात अपनी खेती-किसानी के कार्य को जल्दी से निपटा लेवें।ताकि सिंचाई करने हेतु पानी और फसलों की वृद्धि हेतु खाद-दवा आदि सहित किसी भी प्रकार की कोई समस्या मत होवे।

ऐसे दूधिया सफेद-सफेद कांसी के फूलों को देखकर तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में यह सुंदर बात कही-

''फूले कास सकल महि छाई
जनू बरसा कृत प्रगट बुढ़ाई।।''

तुलसी दास जी कहते हैं कि धरती पर फूले हुए कांस को देखकर ऐसा लगता है मानो वर्षा ऋतू की बुढ़ापा आ गई है। अब तो विज्ञान और इंटरनेट का जमाना आ गया है। इसी को कलयुग कहा जा सकता है।मानव का जीवन अब कल-कारखाना पर आश्रित हो गया है। मौसम विभाग से हमें हर पल-पल और हर ऋतू के बारे एक से बढ़कर एक जानकारी प्राप्त हो जाती है। कांसी का जितना महत्व है उससे कहीं ज्यादा उसकी उपयोगिता है। क्योंकि यह हमारे हिन्दु धर्म के लिए पूजा-पाठ में विशेष काम आता है।इसके अलावा यह एक औषधिय पौधा भी है इसलिए इसकी उपयोगिता भी अलग ही है।

कांसी का औषधिय महत्व और उपयोगिता-

आयुर्वेद विज्ञान में ऐसी मान्यता है कि इसकी जड़ को पीस करके सेवन करने से शरीर से बहुत सारी बीमारियां दूर हो जाती है जैसे कि- सफेद पानी जाने की परेशानी, पेशाब में जलन होना या पीलापन,मूत्र भाग के त्वचा में जलन, भूख का नही लगना, ज्वर-बुखार, घाव भरने आदि में।

कांसी का धार्मिक महत्व-

कांसी के धार्मिक महत्व के बारे म बात किया जाय तो इसका बहुत ज्यादा महत्व है। जैसे कि धार्मिक पर्व नवरात्र के पूजा-पाठ में इसी का सबसे ज्यादा उपयोग होता है। इसी कांसी से आसन, कुश, झाडू बनाया जाता है। इससे बने वस्तुओं का उपयोग किया जाता है। जिसको बहुत पवित्र माना गया है।इसका उपयोग करने से साधक की साधना, उपसना सफल हो जाती है।

इसका पारम्परिक उपयोग-

कांसी का उपयोग हमारे सामाजिक जीवन में भी बहुत ज्यादा होता है। इससे डोरी बनाके बहुत सारी पारम्परिक वस्तुएं बनायी जाती है जैसे कि डोरी और इस डोरी को खाट में लगायी जाती है। इससे झाड़ू भी बनाया जाता है, चटाई, सरकी बनायी जाती है,घर के लिए छप्पर, बनाया जाता है। इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि यह कांसी का फुल एक तरफ जहाँ वर्षा ऋतू के खत्म होने का संकेत देता है तो दूसरी तरफ जसनमानस को एक चेतावनी भी देता है। क्योंकि आजकल यह कांसी समय से पहले फुल जाता है। तो इससे हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हमारे पर्यावरण का कहीं न कहीं ह्रास हो रहा है जिसकी हमे संरक्षण करने की आवश्यकता है। ताकि यह सुरक्षित रह सके। और मौसम को प्रतिकूल होने से बचा सकें।

तुस्मा, शिवरीनारायण(छ.ग.)

## सामयिक चर्चा

# कुर्सी मतलब अहंकार, अहंकार मतलब नशा

बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज की ध्यानाकर्षक खबर-
शिक्षक की मांग को लेकर
डोंगरगढ़ ब्लाक के आलीवारा स्कूल को
कलेक्ट्रेट पहुँचे छात्र-छात्राओं को
जिला शिक्षा अधिकारी ने धमकाया जमकर।
शान्ति से बात सुनने के बजाय
उन्हें जेल की हवा खाने की धमकी दे दी।
डीईओ के ऐसे व्यवहार से
छात्राएँ रोती-बिलखती बाहर निकली।
गजाधर! मुझे डीईओ का
यह अप्रत्याशित व्यवहार
समझ नहीं आया यार!''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''बानी! इसमें समझना क्या ?
देखो, कुर्सी पर बैठे अफसर का
जागृत होते रहता है, जब-तब अहंकार!
और जब कभी उसका अहंकारी मामला
तूल पकड़ने लगता है,
अखबारों में तरह-तरह से छपने लगता है
तब उसके अहंकार का नशा उतरता है
और वह फिर घबरा कर
''जैसा मैने पहले कहा था,
वैसा मैने नहीं कहा
है''- की तर्ज पर,
अपना पल्ला झाड़ने लगता है।''



- गिरीश बख्शी

## कविता

# शिक्षक दिवस

हे गुरु शिक्षक राष्ट्र निर्माता ज्ञान के दीपक
अज्ञानी से है नाताशिष्यों के पथ प्रदर्शक
कौशलों से दक्ष हमें कराता सुनी बगिया में
सुगंधित पुष्प खिलाता गुरु शिष्य परम्परा
समृद्ध कर उज्वल भविष्य बनाता
दैनंदिनीय के चादर से हमें नित ओढ़ाता
प्रणाम है गुरुवर बनूं मैं आदर्श
ऊँच विचारी सदाचारी
जय हो पूज्य श्री ।।



(प्रधान पाठक)
ढारा, डोंगरगढ़,राजनांदगांव
मो - 7693917210

## कविता

# अपना सा गढ़ पाएगा...

सर्जना का हर स्वर, जिनसे बच्चों का संसार है ।
सुविधादाता मात्र नहीं, शिक्षक एक आधार है ।
जिज्ञासा का समाधान, प्रश्न पूछना सिखलाता।
क्या, क्यों, कैसे का हल, वह ज्ञान का विस्तार है।।
बच्चे को आकाश दिलाने, हठ ठाने हठ योगी है।
संत तुका, ज्ञानेश्वर सा, चाणक्य सा वह योगी है।।
शारद उपासक कभी शासक के याचक बनें नहीं।
निर्माण प्रलय गोद पले, वह मात्र न वेतनभोगी है।।
चेतना के संवाहक शिक्षक, मानवता के उन्नायक है।
व्यक्तित्व का प्रकाशक, उत्कर्ष का कथा नायक है।।
राम, कृष्ण, विवेकानन्द, यह वीर शिवा दे पायेगा ।
संस्कृति के विनम्र धारक, ज्यों ऋषि उद्दालक है।।
ककहरों की बुनियाद लिए, नव जीवन गढ़ पायेगा।
मिल पाये थोड़ी उर्वरता, वह अमरता बो पायेगा।।
बेमतलब की भारों को यह, ढोता जाए कब तलक।
इनको शिक्षक ही रहने दो, अपना सा गढ़ पायेगा।।



रोशन साहू ''मोखला''

## कविता

# गुरू के दस ज्ञान



1. पाना है ता-प्रेम को।
2. छोड़ना है तो-अहंकार को।
3. रोकना है तो-विवाद को।
4. बोलना है तो-मीठा वचन।
5. सुधारना है तो-आचरण को।
6. पकड़ना है तो-चरण को
7. मनाना है तो-मन को।
8. करना है तो-सतसंग।
9. जीतना है तो-काल को।
10.पीना है तो-क्रोध को।
11. मानना है तो-सत्य को।
12.पूजना है तो-गुरू को।

गरू कुम्हार और शिष्य कुंभ है।
गढ़गढ़ काढ़े कोट।
अंतर हाथ सहार दे।
बाहर मारे चोट।।



आंनदराम साहू
कु.बो. भाठागांव

## कविता

# अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरू

गु अर्थात अंधकार, रू का तात्पर्य प्रकाश, वही है गुरू,
अ से अनार, ग से गणेश पढ़ाने वाला गुरू,
अबोध बच्चें को हाथ धराकर लिखाने वाला गुरू,
पट्टी कलम और श्याम पटपर लिखाने वाला गुरू।
बोल-बोल कर, उच्चारण कराने वाला गुरू,
सुडौल अक्षर लिखाने वाला गुरू
मात्रा, गिनती, पहाड़ा सिखलाने वाला गुरू,
मनगणित और शुद्धलेख लिखाने वाला गुरू,
पाठ को सरल शब्द में समझाने वाला गुरू,
कठिन गणित को सरल विधि में बनाने वाला गुरू।
भूगोल के नक्शे को श्यामपट पर बनाने वाला गुरू,
विज्ञान के प्रश्नों को बिन्दुवार समझाने वाला गुरू,
अंग्रेजी के पाठ को सामुहिक उच्चारण कराके पढ़ाने वाला गुरू,
उच्चारण को हिन्दी में लिखकर बोलवाले वाला गुरू,
संस्कृत के पाठ को सरल अनुवाद से पढ़ाने वाला गुरू।
गुरू का चरित्र होता है, दर्पण के समान,
बच्चे देखते हैं गुरू के व्यक्तित्व को
उसके चाल ढाल एवं व्यवहार को,
माता-पिता जैसे प्यार देने वाला होता है गुरू।
बिन गुरू होत न ज्ञान, अंधकार है जीवन,
गुरू का ज्ञान हीरे-मोती के समान, अमृत तुल्य,
गुरू के चरण कमल के रज मेरे नेत्र कठिये अमृत है।
श्री गुरू पद नख मनिगन जोती। सुमिरत दिव्य दृष्टि
हियँ होती।।दलन मोह तमं सो सप्रकासू।
बड़े भाग उर आवई जासू।।
अर्थात् श्री गुरू के चरण नखों की ज्योति है
मणियों के समान,
वह ज्योति प्रकाश अज्ञानरूची
अंधकार को करता है नाश।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
94241229646

## राशिफल



**मेष** — आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा । धैर्य और विनम्रता रखें । आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है।



**वृषभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा । समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक कार्यों में आपका पैसा लग सकता है।



**कर्क** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी । महिलाए आज ऑनलाइन कोई नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी । पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।



**सिंह** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए।



**कन्या** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े अटक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा । परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा।



**तुला** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे । आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी । आज आपको किसी मामले में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।



**वृश्चिक** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा । आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।



**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है । आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं।



**मकर** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना... आपके लिए बेहतर साबित होगी 7 पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी।



**कुंभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा । नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षको की सहायता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी।



**मीन** — आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेषव्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे । छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये कोई नया खेल तलाश करेंगे।

# दो अंतर्राज्यीय शराब तस्कर डोंगरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े

○ मध्यप्रदेश राज्य निर्मित 300 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब सहित एक चारपहिया वाहन की गई जप्ती
○ गिरफ्तार आरोपी द्वारका वर्मा के विरूद्ध थाना में कई मामले है दर्ज




डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एस डी ओ पी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के आदेश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों/तस्करों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कडी में दिनांक- 03 सितंबर को डोंगरगढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिला कि ग्राम घोटिया, ढारा तरफ से मारूती रिट्ज कार में दो व्यक्ति मध्यप्रदेश निर्मित शराब को लेकर अवैध रूप से परिवहन करते ग्राम बेलगांव की ओर आ रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल ग्राम कोलेन्द्रा के पास पंहूचकर घेराबंदी एवं नाकाबंदी कर एक काई रंग के मारूति रिट्स कार क्रमांक- 'सीजी 04 एचडी 7682' को रोककर पकड़े उसमें बैठे दो व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम 01. द्वारका वर्मा उर्फ राजू पिता स्व. पलटन वर्मा उम्र- 32 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग., 02. कालेश्वर वर्मा उर्फ कैलाश पिता शिवप्रसाद वर्मा उम्र 40 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. का रहने वाला बताये।

वाहन का तलाशी लेने पर वाहन में कुल 06 नग कार्टुन में 50-50 नग गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेंस अंग्रेजी शराब मिलने पर दोनों व्यक्तियों से छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब रखने, बिक्री करने व परिवहन करने के संबंध में पुछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं देने व दस्तावेज पेश नहीं करने पर कुल 06 नग कार्टुन में 50-50 नग गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेंस अंग्रेजी शराब कुल 300 नग पौवा, कुल मात्रा- 36.000 बल्क लीटर किमती- 40500 रू. एवं मारूति रिट्स कार क्रमांक- सीजी 04 एचडी 7682 किमती 120000 रू. जुमला किमती 160500 रू. को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 34(2), 36 आबकारी एक्ट तहत कार्यवाही कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी द्वारका वर्मा उर्फ राजू आतदन अपराधिक प्रवृत्ति के है इसके पूर्व में थाना डोंगरगढ़ में अवैध शराब बिक्री/तस्करी के मामला दर्ज है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्र.आर. अखिल अम्बादे, आरक्षक प्रयंश सिंह, राजेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा है। गिरफ्तार आरोपीयों में द्वारका वर्मा उर्फ राजू पिता स्व. पलटन वर्मा उम्र- 32 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग., कालेश्वर वर्मा उर्फ कैलाश पिता शिवप्रसाद वर्मा उम्र 40 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा थाना डोंगरगढ़ शामिल है। जप्ती में कुल 06 नग कार्टुन में 50-50 नग गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेंस अंग्रेजी शराब कुल 300 नग पौवा, कुल मात्रा 36.000 बल्क लीटर किमती 40500 रू. एवं मारूति रिट्स कार क्रमांक सीजी04-एचडी7682 किमती- 120000 रू. जुमला किमती 160500 रू. सामग्री शामिल है।

## सिमरन तिवारी बनी रॉयल कॉलेज छात्र संघ की छात्राध्यक्ष




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज में 3 सितंबर को बी.कॉम, बी.एस.सी. संकाय में संस्था का कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रबंधन द्वारा अंतरिम रूप से छात्र संघ गठन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के आशीर्वादक लाल शंकर बहादुर सिंह एवं संस्थापक जे.बी. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। छात्र संघ-गठन के अंतर्गत बी.कॉम, द्वितीय वर्ष की छात्रा फाल्गुनी फ्रांसिस को कक्षा प्रतिनिधि, बी.कॉम. अंतिम वर्ष की छात्रा रुशाली झा को कोषाध्यक्ष, बी.एस..सी. अंतिम वर्ष की छात्रा प्रगति पांडे सचिव एवं बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्र सिमरन तिवारी को छात्र संघ अध्यक्ष बनाया गया।

इस अवसर पर मनोनीत सभी सदस्यों को संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, इन्द्र कुमार वैष्णव, बरसर, श्रीमती इला सिंह (एचओडी), डॉ. अनुराधा शुक्ला प्राचार्य, डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या मोहबे, एम. एस. नारंग, श्रीमती रागिनी सरजारे, मयंक कुमार सिंह, श्रीमती घनेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पंकजलाल महोबे श्रीमती शशि सिंह द्वारा बधाई दी गई।

## पहला कॉलम...

### कुणाल उईके का मेडिकल कालेज में हुआ चयन



कलकसा (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम भैंसरा निवासी हीरा उईके (व्याख्याता) के छोटे सुपुत्र कुणाल का चयन नीट 2024 (एमबीबीएस) के लिए चयन सिम्स बिलासपुर में हुआ है। कुणाल प्रथम प्रयास में ही सफल हुए। गौरतलब है की हीरा उईके के बड़े सुपुत्र यज्ञदीप का भी चयन नीट 2019 में सिम्स रायपुर में एमबीबीएस के लिए हुआ था। वर्तमान में मेकाहारा में इंटरशिप कर रहे। कुणाल अपने बड़े भाई से प्रेरणा लेते हुए तैयारी कर पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण किया है। जिसके चयन होने पर गोंडवाना गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ अध्यक्ष संतोष पड़ोती एव मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम, प्रवीण मंडावी, तीजऊ मंडावी, राजेश नेताम, जितेंद्र उईके, कुंभलाल पदाम, तुमेश नेताम सहित समाज प्रमुख के द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किए।

### शिक्षक दिवस पर जादूटोला स्कूल में सूफी संतों का समागन



राजनांदगांव (दावा)। चौकी बांधा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जादूटोला में छात्र/छात्राएं परिषद द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर अंचल के सूफी संतों के समागम का कार्यक्रम रखा गया है। 5 सितंबर आज शिक्षक दिवस पर आयोजित इस महत्ती कार्यक्रम में जहां छात्रों द्वारा शिक्षक/ शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाएगा। वही दूर-दूर से पधार रहे सूफी संतों के श्रीमुख से उन्हें आत्मा/ परमात्मा व निश्छल प्रेम से सम्बंधित व्याख्यान सुनने को मिलेंगी। सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक अनवरत रूप से चलने वाले शिक्षक दिवस कार्यक्रम के संबंध में स्कूल के प्राचार्य शंकर शरण खोबरागड़े ने बताया कि रायपुर, इंदौर, देवास, दुर्ग-भिलाई सहित अन्य क्षेत्र से पधारने वाले सूफी संतों का दर्शन और सत्संग लाभ व उनसे आशीष प्राप्त कर पुण्य लाभ प्राप्त करने के लिए स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं सहित क्षेत्र के गणमान्य जनों की उपस्थिति रहेगी। स्कूल के प्राचार्य श्री खोब्रागढ़े ने सभी धर्म / आध्यात्म व सूफी बाणी के प्रेमियों को आज सुबह 10 बजे जादू टोला स्कूल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### महतारी वंदन योजना से गदगद हैं प्रदेश की महिलाएं - हेमिन लाउत्रे

राजनांदगांव (दावा)। पोला पर्व पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की महतारियों का ख्याल रखते हुए सातवीं महतारी वंदन योजना की राशि हस्तांतरित की। प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपये की सहयोग राशि सीधे उनके खाते में मिली। इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए राजनांदगांव जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष व भाजपा महिला मोर्चा सक्रिय सदस्य श्रीमती हेमिन लाउत्रे ने आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने तीजा पर तिजहरिन बहनों को जो तोहफा दिया है, उससे प्रदेश की माताओं बहनों में खुशी है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है। महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाएं गदगद हैं। अब वे शान से बाजार में निकलकर खरीददारी कर सकेंगी, स्वयं को सशक्त होता देख महिलाओं में आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है, वास्तविक रूप से महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाएं गदगद है, सभी विधानसभा क्षेत्र की समस्त माताओं बहनों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हम आभार करते हैं।

### श्रीमती आभा श्रीवास्तव की रचनाओं का रेडियो प्रसारण आकाशवाणी में आज किया जावेगा



राजनांदगांव (दावा)। अँचल की वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती आभा श्रीवास्तव की रचनाओं का प्रसारण रेडियो आकाशवाणी से आज गुरूवार, 5 सितम्बर को प्रसारण किया जावेगा। दोपहर 1 बजे से रेडियो में प्रसारित होने वाले लोकप्रिय कार्यक्रम 'बिंदिया' के अंतर्गत श्रीमती आभा श्रीवास्तव की रचनाओं नारी, परिवर्तन नहीं होता, सावन, राही आदि कवितायें प्रसारित होंगी। उल्लेखनीय हो कि साप्ताहिक समाचारपत्र 'उजला आकाश' की सम्पादक व साहित्यकार श्रीमती आभा श्रीवास्तव पूर्व में भी आकाशवाणी, दूरदर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित व प्रसारित हो चुकी हैं। इसके साथ ही विभिन्न साहित्यिक संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि कार्यक्रमों में सम्मिलित हो चुकीं श्रीमती आभा श्रीवास्तव की प्रकाशित व बहुप्रशंसित कृतियाँ पगडण्डी, अग्रगामी, सफर, वस्तुस्थिति, पलाश के रंग, शंकर, भारत आदि हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बेटियों को दुत्कार कर जेल भेजने की धमकी देने की घटना अत्यंत निंदनीय - विष्णु लोधी



भाजपा सरकार त्वरित और कड़ा कदम उठाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम आलीवारा की बेटियों को दुत्कार कर जेल भेजने की धमकी देने की घटना अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। इस तरह की धमकियाँ न केवल छात्र - छात्राओं के आत्मसम्मान और मनोबल को ठेस पहुँचाती हैं, बल्कि यह हमारे समाज में बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रशासन की संवेदनहीनता को भी दर्शाती हैं।

विष्णु लोधी ने कहा भाजपा सरकार से हमारी मांग है कि इस घटना की तुरंत और निष्पक्ष जांच हो और दोषी अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की जाए। बेटियों के साथ ऐसा अपमानजनक व्यवहार किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं है, और इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही असहनीय होगी। विष्णु लोधी ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा बेटियों के सम्मान, सुरक्षा, और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर है और इस मामले में भी हम कोई समझौता नहीं करेंगे। यह समय है कि सरकार ऐसे मामलों में त्वरित और कड़ा कदम उठाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### जनपद पंचायत अं.चौकी में लखपति दीदी पहल अभिसरण कार्यशाला का आयोजन

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार गत दिवस आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके की अध्यक्षता में लखपति दीदी पहल अभिसरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं जनपद पंचायत में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी संबंधित विभाग से आये हुये अधिकारियों द्वारा दी गई शासन की पहल लखपति दीदी अंतर्गत विकासखंड में 35 लखपति सीआरपी द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लखपति बनाने में अन्य विभाग द्वारा अभिसरण से लाभ दिलाने के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बिहान योजना अंतर्गत संकुलों से लखपति दीदीयों को आमंत्रित किया गया था। साथ ही उनके द्वारा अपने लखपति बनने की यात्रा के विषय में बताया गया जिसमें विभागीय योजनाओं से ऋण एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त कार्यशाला में मत्स्य पालन विभाग से ए.के. रजक, पशुपालन विभाग से डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन, कृषि विभाग से तेज बहादुर कश्यप, एनआरएलएम से बीपीएम कमलेश गौरकर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा से रितु चंद्राकर, एडीईओ योगेश पिस्दा, ब्लॉक फेलो सविता साहू सभी संकुल के पीआरपी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## आज से ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने के लिए जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मोबाईल कैम्प के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीननीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है तथा निर्माण श्रमिकों व असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। श्रमिक पंजीयन व योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन व टोल फ्री नंबर 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि माह सितम्बर 2024 में जिले के सभी विकासखंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जहां से श्रमिक पंजीयन एवं योजना की जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को बागरेकसा, 9 सितम्बर को मक्काटोला, 12 सितम्बर को बागरेकसा, 16 सितम्बर को छिपा, 18 सितम्बर को राका, 20 सितम्बर को रूवातला, 23 सितम्बर को बिजनापुर, 25 सितम्बर को पुरैना, 27 सितम्बर को सलोनी, 30 सितम्बर को पिपरिया में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को तेंदुनाला, 12 सितम्बर को टप्पा, 16 सितम्बर को तुमड़ीबोड़, 23 सितम्बर को ढाबा, 25 सितम्बर को दिवानझीटिया एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को पिनकापार, 25 सितम्बर को कल्लूटोला, 27 सितम्बर को झाड़ीखैरी, 30 सितम्बर को रानीतालाब तथा राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को चिखली सिंघानिया फार्म संजीवनी अस्पताल के बाजू, 11 सितम्बर को पेण्ड्री 50 बिस्तर वाले बच्चों का अस्पताल निर्माण कार्य, 13 सितम्बर को डी मार्ट के पास चैतन्य स्कूल निर्माण कार्य, 16 सितम्बर को लिटिया, 19 सितम्बर को सलोनी, 23 सितम्बर को पटेवा, 25 सितम्बर को जंगलेसर, 28 सितम्बर को पटेवा, 30 सितम्बर को सिंगपुर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## खैरागढ़ महाविद्यालय में साइबर जागरुकता कार्यक्रम




खैरागढ़ (दावा)। स्थानीय रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़ में 04 सितंबर बुधवार को पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मार्गदर्शन में समर्थ अभियान साइबर जागरुकता कार्यक्रम पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता जितेन्द्र बंजारे, थाना प्रभारी खैरागढ़ थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे एवं छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव की उपस्थिति में हुआ। थाना प्रभारी जितेन्द्र बंजारे ने साइबर क्राइम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये बताया किया कि अनजान व्यक्ति के विडियो काल या अन्य प्रकार का काल आने पर सावधानी बरतने को कहॉ। अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी न दे, किसी भी प्रकार के लॉटरी प्रलोभन से बचे, किसी भी नई वेबसाइट पर लाग इन करते समय यह सही है कि नहीं पता करे। बैंक संबंधी कोई डिटेल जानकारी फोन आने पर न दे आवश्यकता होने पर संबंधित बैंक में जाकर पूछताछ करे। प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे ने अपने उद्बोधन में कहॉ कि नई प्रौद्योगिकी में मोबाईल शिक्षा के क्षेत्र में भी लाभदायक एवं सहयोगी है किंतु इसका दुरुपयोग करने पर अथवा तकनीकि ज्ञान के अभाव में हमारे लिये यह नुकसान दायक भी सिध्द हो रहा है।

अतः साइबर जागरुकता के ज्ञान प्राप्ति पर बल दिया। छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव ने विद्यार्थियों से अपील करते हुये कहॉ कि साइबर जागरुकता संबंधी यह ज्ञान अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुरेश आडवाणी ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रो. भबीता मंडावी ने की। इस अवसर पर प्रो. रोहित देवांगन, प्रो. सृष्टि वर्मा, डॉ. मेधाविनी, विजेन्द्र वर्मा, होमन साहू, धरमपाल वर्मा, डॉ. उमेद्र चंदेल सहित नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## आज सरस्वती साइकिल योजना के तहत विभिन्न स्कूलों में हुआ साइकिल का वितरण





गंडई-पड़रिया (दावा)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण आज कटंगी हायर सेकेंडरी स्कूल ठंडार हायर सेकेंडरी स्कूल भूर्भुसी स्कूल सुखरी स्कूल में साइकिल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। बच्चों के सुविधा के लिए उनके उत्साह के लिए योजना बहुत ही कारगर योजना है जिससे बच्चे प्रोत्साहित होकर शिक्षा ग्रहण करने में और आगे आते हैं।

उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता जनपद की पूर्व उपाध्यक्ष खमन ताम्रकार अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीवनदास रात्रि जिला भाजपा कार्य समिति के सदस्य एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष लीला राम साहू मंडल महामंत्री श्यामपाल ताम्रकार मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि भावनानी जिला अजा मोर्चा के जिला मंत्री रवि कुर्रे सहित सभी स्कूलों के अध्यक्ष कटंगी से सहदेव यादव ठंडार से प्रभुराम जंघेल भूर्भुसी से भानुप्रताप साहू एवं सुखी से रतन खांडेकर एवं सभी स्कूल के शाला विकास समिति के सदस्य गण एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे सभी जगह पर बच्चों में एक उत्साह साइकिल को लेकर देखा गया निश्चित तौर पर शिक्षा की दिशा में बच्चों को और आगे लाने का यहां सरस्वती साइकिल योजना कारगर सिद्ध होगा राज्य सरकार के योजना का लाभ पूरे प्रदेश में छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है कटंगी में 24 नाग ठंडार में 31 भूर्भुसी में 16 नग सुकरी में 31 नाग साइकिल छात्र-छात्राओं में दिया जा रहा है।

## रेस्लर बॉयस ने जीता 7 एसाइड, फुटबॉल का फाइनल मैच




राजनांदगांव (दावा)। तुलसी विहार में आयोजित फुटबाल टूर्नामेन्ट जो कि 7 टीमों के बीच आयोजित था। गत 1 सितंम्बर रविवार को तुलसी विहार टर्फ में सम्मपन हुआ। फुटबॉल टुर्नामैन्ट बॉडी टेक जिम के संचालक अमित अजमानी द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें लगभग 77 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।7 टीमें जिनके नाम- बॉडी बिल्डर बॉयस, रेसलर बॉयस, द जिम बॉयस, क्रॉस फिट बॉयस, द ओल्ड स्कूल बॉयस, पॉवर लिफटर बॉयस, द वेट लिफटर बॉयस इन सभी टीमों में 11-11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें केवल 7 खिलाड़ियों को टर्फ में रहना होता था। इसके बाद खेल के बीच में बाकी के बचे 4 खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है।

फुटबॉल टूर्नामेन्ट में प्रत्येक टीम के लिऐ 30 मि. का समय रखा गया था। जिसमें 15 मि. का हॉफटाईम रखा गया था। फुटबॉल का खेल आज के युवाओं में काफी प्रचलित है और खासकर बारिश में तो फुटबॉल का बुखार का छाया रहता है सभी में फुटबॉल मैंच में रेफरी के तौर पर पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी विकास वैष्णव उपस्थित थे जिन्होंने पूरे मैच सम्पन्न करवाये। रेफरी विकास वैष्णव के निर्णय का सभी ने बहुत सराहना की। फाईनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। जिसमें मैच के शुरू के 10 मि. में द जिम बॉयस ने रेसलर बॉयस की तरफपहला गोल करके बडहत बना ली थी। जिसमें रेसलर बॉयस काफी हद तक आखिर तक दबाव में रहे। हॉफटाईम के बाद जब केवल 4 मि. रह गये थे। रेसलर बॉयस ने गोल करके 1-1 से बराबरी कर ली। और मैंच फिर रोमांचक से भर गया। मैंच खतम होते हुये स्कोर बराबरी में रह के ड्रॉ रहा। उसके बाद दोनों टीमो को 3-3 पेनाल्टी सूट का मौका दिया गया। जिसमें रेसलर बॉयस ने 2-0 से बढ़त लेके फुटबॉल कप फाइनल के विजेता बने।

फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजक अमित अजमानी ने विजेताओं का पुरूस्कार दे के सम्मानित किया, साथ में गोल्डन बुक अवॉर्ड, बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड, बेस्ट गोल कीपर अवॉर्ड दिया गया। गोल्डन बुक अवॉर्ड मैक्स पांडया एवं शिवम साहू को मिला। बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड विकेल नेताम को मिला। उप विजेता टीम द जिम बॉयस को रनर अप की थेरपी मिली फुटबाल टूर्नामेंट में विशेष तौर द ओल्ड स्कूल बॉयस की टीम का प्रदर्शन रहा। जिन्होंने 25 साल के बाद फुटबॉल में अपना जादू दिखाया, बताते हुये बहुत हर्ष हो रहा है। कि ओल्ड स्कूल बॉयस की टीम जो कि अपना पिछला मैच आज से 25 साल पहले खेले थे। उन्होंने आज के युवाओं को अच्छी खासी टक्कर दी, टूर्नामेंट में विशेष तौर पे मंदिप सिंग, दीपक राठौर, ब्रीजेश बागडी, नितिन पाल, द्रीशांन अजमानी, श्रीमति रूचिका अजमानी, विकास गोयल, चीकू बागडी, नीसित जैन, कान्हा राठौर, नेहा ध्रुवे, लक्ष्य सिंघला, गौरव, रूपाली, कार्तिक, कोमल कोर, विकास वैष्णव, इक्मान जज, तुषार पटेल, हेमंत रजक, काका, भूमि, आस्था, रंजना, छाया महेंद्र, कान्हा, आशिष, मैक्स, स्वाति, सोएल उपस्थित थे। टूर्नामेंट की सफ्लता के लिये बॉडी टेक के मेम्बर्स ने अमित सर को बधाई एवं शुभकामनाऐ दी। एवं जल्द ही फिर से प्रतियोगिता आयोजित करवाने का आग्रह किया।

पेज 5 (04 सितम्बर 2024, विलास - ऋषभ वाल्दे)

सरस्वती शिशु मंदिर के भैया ऋषभ वाल्दे और जयकिशन का राष्ट्रीय कराते में चयन

डोंगरगढ़(दावा)। 29 अगस्त से 31अगस्त तक प्रांत स्तर की कराते प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के भैया ऋषभ वाल्दे और जयकिशन ने भाग लिया और क्षेत्र स्तर के कराते प्रतियोगिता में भाग लिया। दोनो प्रतियोगिता चापा में संपन हुई।

इस प्रतियोगिता में दोनो गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया। इस विश्व उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद क्रीडा प्रमुख वीर सिंह यादव सुरेश दास वैष्णव थैलेश साहू एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

00000000000000000
0000000

# राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी वर्षा सोनकर, पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह 2024 अंतर्गतगत अयोजित सम्मान समारोह में हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव शहर की उत्कृष्ठ राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाडी कु.वर्षा सोनकर पिता श्यामू सोनकर, छत्तीसगढ सरकार द्वारा शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दें कि 12 वर्षो से राष्ट्रीय हॉकी का प्रतिनिधित्व कर हॉकी की नर्सरी के गौरवशाली परंपरा और इतिहास को अक्षुण्ण रखने मे महती भूमिका निभा रही है और प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बेहतर खेल प्रदर्शन कर रही है।

मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखने वाली वर्षा सोनकर ने अपने खेल को अपनी मेहनत और लगन से तरासा हैं। हॉकी में अपने योगदान के लिए जाने वाली वर्षा सोनकर राजनांदगांव शहर के लिए के लिए एक प्रेरणा की स्त्रोत है एक मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखती है उन्होंने अपने समय से बहुत ही संघर्ष करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करते हुए हाथी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने कहा था कि राजनांदगांव हॉकी की नर्सरी है उनके आदर्श वाक्य को कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास से राष्ट्रीय खेलों में अपनी भूमिका को अग्रणी कर रखी हुई है। वर्षा सोनकर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव के हाथों शहीद पंकज विक्रम अवार्ड 2022-23 से सम्मानित किए जाने पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया छत्तीसगढ हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्धीन सोलंकी, अनुराज श्रीवास्तव, भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, आशोक यादव, अनिल यादव, मनीष गौताम, ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णव, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, श्रीमति ममता गुप्ता, श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, कृष्णा यादव ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशी जाहिर की।

# गणेशोत्सव की चल रही जोरदार तैयारियों आकर्षक ढंग से सजने लगे गणेश पंडाल

**बाजार में स्थापित होने एक से बढ़कर गणेश प्रतिमाएं... मूर्तियों को अंतिम टच देने जुटे मूर्तिकार**



राजनांदगांव (दावा)। भादो मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। इसको लेकर शहर के विभिन्न गणेशोत्सव समितिया व मंडलियां आकर्षक गणेश पंडाल निर्माण में जुट गई है, वही धूमधाम के साथ मनोहारी गणेश प्रतिमा लाने सहित आकर्षक स्थल झांकी व चलित झांकी निर्माण की तैयारियों में लग गई है। इधर शहर व आसपास के गांव-देहात के मूर्तिकार भी उनके द्वारा बनाई गई। बड़ी-छोटी गणेश जी की मूर्तियों को अंतिम टच देने के लिए दिन-रात एक कर दिए है। शहर के कोलकाता निवासी मूर्तिकार कृष्णा पाल व गोपाल ने बताया कि उनके यहां 100 के आसपास बड़ी मूर्तियों के आर्डर एडवांस रूप में आ चुका था। इन पांच से छह सात फूट की मूर्तियों की कीमत छह से सात हजार रूपए बताई व इससे कम ऊंचाई की प्रतिमाए 5 सौ, 4 सौ से लेकर 2-3 सौ रूपए तक की है। इसी तरह शहर के बहुत पुराने मूर्तिकार वासुदेव पेंटर शनि मंदिर रोड व पांडूरंग पेंटर भरकापारा में 100-150 से अधिक छोटी-बड़ी मूर्तियां बने रही है। इन दोनों मूर्तिकारों के यहां मराठी शैली की भगवान श्री गणेश के साथ ऋद्धि-सिद्धी की मूर्तियां शोभायमान रहती है। इन मूर्तिकारों के यहां से हर साल शहर की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज व सुमति मंडल, लघु मंडल, नवयुवक मंडल आदि के पंडाल में धूमधाम के साथ गणेश जी को विराजमान किया जाता है।

आगामी दिनों भी गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए सभी गणेशोत्सव समितियां लगभग पूरी तरह से तैयारी कर ली है। इसे देखते हुए शहर में गणेश जी की विभिन्न मुद्राओं वाली आकर्षण प्रतिमाओं से बाजार पट गया है। खासकर मानव मंदिर चौक के आसपास जयस्तंभ चौक रोड, कुम्हार पारा रोड, मुख्य मार्केट गोलबाजार के आसपास एक से बढ़कर एक गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सजी है। इधर शहर के मूर्तिकारों के अलावा निकटस्थ के ग्राम सिंघोला, मनकी, थनौद में भी एक से एक बड़ी मूर्तियां तैयार हो चुकी है।

# महापौर सहित नेता प्रतिपक्ष, आयुक्त तथा पार्षदों ने प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों को किये पुरुस्कृत

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरूस्कार वितरण करने निगम सभागृह में आज पूर्वान्ह महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर सहित नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, राजेश जैन रानू, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, गगन आईच व पार्षद प्रतिनिधि मदन मंटू यादव ने गणेश समितियों को पुरूस्कृत किया।

गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में महापौर एवं अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति सदर बाजार बसंतपुर थाना के पास को 6 हजार रूपये का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त महाराजा मण्डल गणेश उत्सव समिति कामठी लाईन को 4 हजार रूपये का चेक व तृतीय स्थान प्राप्त पाटीदार गणेश उत्सव समिति पाटीदार भवन को 3 हजार रूपये का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार विसर्जन झाकी प्रतियोगिता के अ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त बाल समाज गंज लाईन को 41 हजार रूपये का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त सुमति मण्डल कामठी लाईन को 21 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त बस स्टैण्ड गणेश उत्साव समिति पुराना बस स्टैण्ड को 11 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। साथ ही विसर्जन झाकी के ब वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार रूपये का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त तिरंगा मण्डल कमल टाकीज चौक को 18 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त महावीर मण्डल गणेश उत्सव समिति बालगोविंद चौक को 10 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरूस्कृत किया।



महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कारधानी की झांकी पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है, यहा की झांकी राजधानी रायपुर के अलावा अन्य शहरों में जाती है। उन्होंने कहा कि गणेश समितियों की मांग पर गत वर्ष से पुरूस्कार राशि बढ़ाई गई थी, उसी के आधार पर इस बार भी पुरूस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने गणेश समितियों को धन्यवाद देते हुये कहा कि आप लोगों की मेहनत का रंग पूरे प्रदेश में दिखता है, इस वर्ष भी गणेश उत्सव आप लोग और जोर शोर से मनाये इसके लिये मैं शुभकामनाएं देती हूॅं। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा गणेश पर्व में सड़कों का मरम्मत, साफ सफाई कर अतिरिक्त झाडिया काटने, विद्युत व्यवस्था आदि कार्य झांकी के पूर्व किया जायेगा।

नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों को बधाई देते हुये कहा कि शहर की कुछ समितिया झाकी खुद बनाते है और कुछ समितियाँ बाहर से झांकी मंगाते है, यहा झांकी निर्माण होने से लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के कारण शहर में अच्छा माहौल बनता है। उन्होंने महापौर एवं आयुक्त से कहा कि झांकी का रूट तय हो चुका है, झांकी निकलने के पूर्व रूट की सड़कों का मरम्मत कराया जाये।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि राजनांदगांव की हॉकी व झांकी देश एवं प्रदेश में प्रसिद्ध है, महाराष्ट्र मुबई में गणेश पर्व उत्साह से मनाते है, लेकिन मैं पिछली बार राजनांदगांव में देखा कि आप लोगों समर्पित होकर जीवंत गणेश झांकी बनाते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की झांकी मैने पहली बार देखा झांकी का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समितियों को बधाई दिये।

गणेश समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुये कहा कि गणेश प्रतियोगिता का परिणाम विसर्जन के एक सप्ताह के अंदर घोषित हो जानी चाहिये। साथ ही स्थानीय स्तर पर झांकी निर्माण करने वाले समितियों को प्रोत्साहित करना चाहिये। महापौर श्रीमती देशमुख ने पदाधिकारियों की मांगो पर विचार करने का आश्वासन दिया। गणेश पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रभारी सदस्य गणेश पवार ने एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे सहित अधिकारी, कर्मचारी, गणेश समिति के पदाधिकारी, पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# सीआरसी में नया पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन इण्डियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन कोर्स के लिए प्रवेश प्रारंभ




राजनांदगांव (दावा)। दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित सीआरसी में नया पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन इण्डियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन डीआईएसएलआई 30 सीट के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। इस कोर्स में एडमिशन कक्षा बारहवीं के आधार पर किया जाना है, यह पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से पंजीकृत हैं, जो श्रवण बाधित लोगों को जो बिल्कुल भी नहीं सुन सकते उनके साथ संचार करने का माध्यम होगा। इससे इस प्रकार के दिव्यांग बच्चों के साथ संचार आसानी से कर सकते हैं। इस कोर्स की अधिक जानकारी के लिए सीआरसी राजनांदगांव में प्रशांत मेश्राम 99607-54353 एवं गजेन्द्र कुमार साहू 9165314300 से संपर्क कर सकते हैं।

# आज पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आज 200 विद्यार्थियों का अभिनंदन किया जाएगा

**छत्तीसगढ़ सिंधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी होंगे मुख्य अतिथि**




राजनंदगांव (दावा)। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह का आयोजन आज 5 सितंबर गुरुवार को रात्रि 7:00 बजे से 10:00 बजे तक सिंधु भवन में होगा। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस पर समाज के शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का मोमेंटो एवं गिफ्ट से सम्मान की परंपरा समाज द्वारा लगातार चली आ रही है, इससे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है।

इस वर्ष समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं विशेष अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समाज के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि इस वर्ष 200 से अधिक बच्चों का सम्मान किया जाएगा, जिसमें उच्च शिक्षा के 30 मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा।

# राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं - अमर अग्रवाल




राजनांदगांव (दावा)। 4 सितंबर को भाजपा का जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शंखनाद जिला भाजपा कार्यालय में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल के सानिध्य में शुरू हुआ जिसमें 8800002024 पर मिस कॉल करके सदस्य बनाने की प्रक्रिया जिला स्तर पर शुरू की गई जिसमें उपस्थित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने वंदे मातरम गीत का गान किया, तत्पश्चात अध्यक्ष उद्बोधन में रमेश पटेल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ में 2 सितंबर को सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई, जिसके बाद आज जिला मुख्यालयों में यह अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसके बाद 5 सितंबर को मंडल स्तर पर एवं 6 सितंबर को बूथों पर यह अभियान शुरू किया जाएगा। श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी के परिश्रम समर्पण लगन निष्ठा से भाजपा का सदस्य अभियान पिछले सभी रिकॉर्ड जरूर तोड़ेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि भाजपा वैचारिक रूप से राष्ट्रवादी विचारधारा की पक्षधर है, शुरू से ही जनसंघ से लेकर जनता पार्टी एवं भाजपा के सफर में भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए जो अभियान भाजपा ने शुरू किया है, उसे पूरा करने में देश के प्रधानमंत्री लगे हुए हैं, इसलिए देश में जो गतिविधियां चल रही हैं उस पर विजय पाने के लिए सदस्यता अभियान को जन-जन तक पहुंचा कर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को हासिल करें, तो प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले स्तर के बाद, चरणबद्ध ढंग से मंडल स्तर पर, फिर बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू होगा, जिसके प्रभारीयो का गठन किया जा चुका है। सभी सक्रिय सदस्य इस अभियान में अपनी महिती भूमिका निभाते हुए पार्टी को पुनः विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

## विचारधारा की लड़ाई में कार्यकर्ता साथ दें - पांडे

बैठक में सांसद संतोष पांडे ने भी भाजपा की विचारधारा को परिभाषित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीति नीति का प्रशिक्षण नए कार्यकर्ता को अवश्य दें ताकि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

श्री पांडे ने कहा कि आज विपक्षी दल भारत को तोड़ना चाहते हैं, और विचारधारा की लड़ाई शुरू हो चुकी है। इस लड़ाई में देश के प्रधानमंत्री जब यूक्रेन जाते हैं तो युद्ध रुक जाता है । वह बुद्ध की धरती से गए हैं और बुद्ध कभी युद्ध नहीं चाहते। इसलिए भारत शांति का पक्षधर रहा है, सांसद संतोष पांडे ने कहा कि वर्तमान में पंच सरपंच पार्षद से लेकर विभिन्न चुनाव होने वाले हैं सभी कार्यकर्ता गंभीरता के साथ इस चुनाव में सभी पदों पर समान विचारधारा के लोगों को आगे बढ़ाएं ताकि भाजपा की विचारधारा पुष्पित एवं पल्लवित हो।

श्री पांडे ने कहा कि 1951 से संघर्षशील पार्टी के रूप में भाजपा ने दिया छाप, फिर जनता पार्टी और अब भाजपा के कमल निशान पर वोट मांगा है, परंतु कभी भी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया । देश में कितनी भी परिस्थितियों उथल-पुथल हुई परंतु भाजपा ने देश को विश्व के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का सपना कभी नहीं छोड़ा। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के इस कार्य में जुट जाएं।

सदस्यता अभियान के महत्वपूर्ण बैठक मे वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि सदस्यता अभियान नीचे तक जाने का जरिया है। चरवती चरवती कहते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जो जनसंघ से यात्रा शुरू की थी वह आज विराट वटवृक्ष का रूप ले चुकी है जिसके बलबूते आज हम 18 करोड़ सदस्य संख्या तक पहुंचे है। श्री पारख ने कहा कि हमें पुनः सदस्यता अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना है प्रत्येक वर्ग के लोगों को जोड़कर उन्हें पार्टी की मुख्य विचारधारा से जोड़ना है। ताकि देश को हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में देख सके।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता सावन वर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष आता तिवारी ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, नीलू शर्मा, जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, चंद्रिका डडसेना, लीलाधर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, विनोद खांडेकर, राजेश श्यामकर, शिव वर्मा अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, आलोक श्रोती, गिन्नी चावला, रघुवीर वाधवा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पोला पर्व का 137 वर्ष उत्साहपूर्वक संपन्न

## कुरुभाट के किसान पुष्कर साहू की बैल जोड़ी बनी विजेता



डोंगरगढ़(दावा)। पोला पर्व के अवसर पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ धाम में बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता का आयोजन कचहरी मैदान स्व. श्रीमती भूली बाई के शिव मंदिर में संपन्न हुआ। धर्मनगरी में विगत 139 वर्षों से पोला पर्व का आयोजन तराने परिवार द्वारा किया जा रहा है। मोहन तराने द्वारा इष्ट देव व साड़ा देव के मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात सभी बैल जोड़ी व बच्चों द्वारा सजावट कर लाये गये मिट्टी के बैल जोड़ी की पूजा अर्चना की गई। लगभग शहर व ग्रामीण के 21 बैल जोड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और लगभग 200 बच्चों ने भी अपने मिट्टी के बैल के साथ पहुंचे।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्व. श्रीमती भूली बाई की स्मृति में एक रनिंग शील्ड व 1101 रुपए नगद एवं एक धोती श्रीफल पुष्कर साहू ग्राम कुरुभाट को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार स्व. नाथूलाल तराने की स्मृति में रनिंग शील्ड 501 नगद व श्रीफल सोमेश्वर साहू ग्राम कुरूभाट को और तृतीय पुरस्कार 201 रू नगद धोती व श्रीफल राजेंद्र कुमार गजमर्रा को दिया गया। चतुर्थ पुरस्कार 101 रुपए अच्छी नस्ल की बैल जोड़ी के रूप में नरेंद्र कुमार कुरुभाट को दिया गया।

सांत्वना पुरस्कार के रूप में 51 रुपए नगद गमछा व श्रीफल पूनाराम चौथना संतोष धुर्वे चौथना व दुर्गेश कुरूभाट को दिया गया। इस आयोजन के निर्णायक समिति ने भी प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण मोहन तराने पूजन कार्य पंडित युवराज शर्मा श्याम वैष्णव व दीपक बैगा किया गया। आयोजन में निर्णायक समिति विश्वनाथ यादव कमल राम देवांगन रामकृष्ण कनौजिया बबलू शांडिल्य जितेंद्र सिंह भाटिया के साथ विशेष रूप से बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी हरीश भंडारी मनमोहन अग्रवाल रामभाऊ पाटिल जी घनश्याम तराने हरिश्चंद्र तड़स समाज के अध्यक्ष श्रवण गभने मनोज गुप्ता अरविंद सिंह राठौड़ संजीव गोमास्ता कन्हैया महाराज कैलाश शर्मा पारस चौरडिया शिशुपाल भारती घनश्याम तराने पूनाराम बावनकर राजेश आखरे आदि सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन कन्हैया अग्रवाल किया। उक्त जानकारी देते हुए रामजी तराने ने कहा कि जनसहयोग और पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नेट-सेट पर दिग्विजय कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनीता शंकर के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग द्वारा नेट-सेट की तैयारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर पुण्यप्रदा सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव उपस्थित थीं।



इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की प्रमुख डॉ अनिता शंकर ने की। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नेट-सेट परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां और रणनीतिया के बारे में बताया गया। मेडम सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'बेरियर्स टू इफेक्टिव कम्यूनिकेशनः इट्स कॉन्सेप्ट एंड थ्योरी' का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर लिटरेरी एसोसिएशन 2024-25 का पुनर्गठन हुआ और पदाधिकारियों ने शपथ ली। अध्यक्ष के पद पर मेघा जैन उपाध्यक्ष के पद पर मधु चंद्रवंशी सचिव के पद पर पूर्वी बागडे सह सचिव के पद पर सृष्टि देवांगन एवं कोषाध्यक्ष के पद पर माही ने शपथ ग्रहण की। अन्य सभी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये और कार्यशाला को सफल बनाने में सभी का सम्पूर्ण योगदान रहा।

# सेवानिवृत्त होने पर श्री मंडावी को ससम्मान दी गई विदाई



37वर्ष के सेवाकाल में अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ कर्तव्यनिष्ठा के लिए समर्पित रहे श्री मंडावी

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ में 37 वर्षो की लंबी सेवा कर अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर कार्यरत बी.एस. मंडावी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका विदाई समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में श्री मंडावी के साथ कार्य कर चुके अन्य महाविद्यालयों में स्थानांतरिक, पदोन्नत एवं पूर्व में सेवानिवृत्त हुए समस्त कर्मचारियों को भी आमंत्रित कर उन्हें तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव का साझा करते हुए उनके सरल, सहज एवं मिलनसार एवं कर्मठ कार्यशैली की प्रशंसा की।

0 सरल स्वभाव के साथ-साथ समय के पाबंद रहे श्री मंडावी - प्राचार्य

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने कहा कि श्री मंडावी अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ-साथ अपने पूरे सेवाकाल में समय के पाबंद रहे। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने भी उनके साथ अपने 2 साल के कार्यकाल के दौरान उनके साथ कार्य के अनुभव साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। नेहरू महाविद्यालय से ही सेवानिवृत्त हुए सहा.ग्रेड नानकलाल परिहार, प्रयो.तक. कामताराम साहू, सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्या. डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर, सहा.प्राध्या. ओ.पी वर्मा, प्रयो.तक. सजय तिवारी, हिन्दी विभाग अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपूत, अर्थशास्त्र विभाग से मनीषा भेड़िया सहित वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओ ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके सहज सरल स्वभाव के साथ उनकी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन व दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के अंत मे श्री मंडावी ने अपने 37 वर्षो के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जीवन में आया है उसे एक दिन मरना है, उसकी प्रकार शासकीय सेवा आने पर एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है। उन्होंने उक्त सम्मान आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य समस्त महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर मोमेन्टो, शाल एवं श्रीफल देकर श्री मंडावी को सम्मानित किया गया साथ ही पूरे महाविद्यालय ने उनको उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ढोल बाजे के साथ पूरे सम्मान के साथ उनके घर तक छोड़कर उन्हे बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. जी.के. यादव ने किया।

# महिला सुरक्षा हेतु भाजपा सरकार के विरोध में मौन प्रदर्शन में सम्मिलित हुए विष्णु लोधी



**डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ़ जागरूकता फैलाने और न्याय की मांग करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा सरकार के विरोध में जिला स्तरीय एक दिवसीय मौन प्रदर्शन का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।**

श्री लोधी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ़ बढ़ते अपराधों के प्रति समाज और प्रशासन की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस प्रदर्शन में हिस्सा लेकर यह संदेश दिया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष करता रहेगा।

उन्होंने यह भी कहा, लाचार कानून व्यवस्था के कारण महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और भाजपा सरकार मुकदर्शक बनी हुई है। लगातार गैंगरेप की घटनाएं प्रदेश में निरंतर बढ़ती ही जा रही हैं। यह मौन प्रदर्शन प्रदेश भर में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा और अपराध के मामलों पर कठोर कार्रवाई की मांग करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। श्री लोधी ने इस मौके पर अपने वक्तव्य में सभी से अपील की कि वे महिला सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाएं और सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग करें।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत ने किया कबड्डी टूर्नामिंट का उद्घाटन



खेल से युवाओं को मिलेगा बेहतर भविष्य - विक्रांत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनभट्ठा में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित हुए साथ ही अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने की कार्यक्रम की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए उद्घाटन किया गया।

तत्पश्चात उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विक्रांत सिंह ने कहा कि आज के दौड़ में युवा कबड्डी के खेल से विमुख होते जा रहे हैं। जबकि पूर्वजों के जमाने से गांव देहात में कबड्डी खेले जाने का प्रचलन रहा है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं। जो शारीरिक और मानसिक विकास करने में सक्षम नहीं है। विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि सोनभट्ठा में प्रतिवर्ष के अनुसार ग्रामीणों द्वारा इस वर्ष भी कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किया जाना एक सराहनीय कदम है।

प्रतियोगिता में अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए खेल को मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अहम हिस्सा बताया इस दौरान सरपंच किरण प्रांजल सिंह, भाजपा नेता आदर्श बहादुर सिंह, खेदूराम साहू, कोदू साहू, बिशेसर साहू, हेमलाल साहू, जोगीराम, शिवराम सिन्हा, भारत वर्मा, चोवा राम, प्रमिला साहू, प्रह्लाद साहू, गोपी बंजारे, छबीला देवांगन, रामकुमार साहू, दीपक निर्मलकर, रामजी वर्मा, मनोज साहू, थानसिंग साहू, डेविड साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाल आदर्श गणेश उत्सव समिति 40 वर्षो से कर रहे गणेश प्रतिमा की स्थापना

**राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखोली वार्ड क्रमांक 35 आदर्श चौक में बाल आदर्श गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश प्रतिमा की स्थापना इस बार भव्य रूप से की जाएगी। बाल आदर्श गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू (गोलू) ने बताया कि विगत 40 वर्षों से लगातार गणेश प्रतिमा की स्थापना होती आ रही है।**



लखोली वार्ड क्रमांक 35 में इस बार रहेगी विशेष धूम

उक्त स्थान व जगह गणेश मूर्ति की स्थापना पूरे वार्ड व संस्कारधानी राजनांदगांव शहर में प्रसिद्ध है। जिसे लेकर गणेश चतुर्थी के दिन गणेश प्रतिमा की स्थापना की पूरी तैयारी कर ली गई है। इस बार गणेश मूर्ति की लंबाई 8 फीट रहेगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश मूर्ति ग्राम थनोद के मूर्तिकार संतोष साहू के यहां से लाई जाएगी। क्योंकि उनके यहां की मूर्ति पूरे जिले में प्रसिद्ध है। विशेष तौर से बाल आदर्श गणेश उत्सव समिति के द्वारा हर साल विशेष ढंग के गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाती है। जिसे वार्ड सहित शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी गणेश प्रतिमा को देखने आते हैं। क्योंकि यहां हर वर्ष रखे जाने वाले गणेश प्रतिमा विशेष रूप से तैयार की जाती है और विशेष रूप से प्रतिमा स्थापित की जाती है। जिसकी चर्चा दूर-दूर तक होती है। गणेश प्रतिमा की स्थापना सहित विसर्जन की संपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुपेन्द्र साहू (गोलू), उपाध्यक्ष नीलू साहू, सचिव लोकेश साहू, कोषाध्यक्ष सुनील साहू, कार्यकारिणी सदस्य विक्की साहू, मनीष साहू, गज्जु साहू, राजु साहू, सुमीत साहू, गौरव साहू आदि उपस्थित रहते हैं।

# शिक्षक संस्कृतिक समृद्धि के मूल आधार - डॉ. के.के. द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। देश धरती में शिक्षकों राष्ट निर्माण की महत्तम भूमिका हेतु समर्पित शिक्षक दिवस के परिपेक्ष्य में नगर के संस्कृति विचार प्रज्ञ डॉ.कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समायिक विचार विमर्श में बताया कि राष्ट निर्माण में शिक्षा और ज्ञान प्रदाता शिक्षकों की भूमिका सदा से अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। शिक्षक ही राष्ट्र की सांस्कृतिक समृद्धि के मूल आधार होते है। सहज सरल रूप में शिक्षक की भूमिका सभ्य सुसंस्कृत समाज निर्माण में एक उत्कृष्ट शिल्पकार जैसी होती है, जो पत्थरों को तरासकर उन्हे सुंदर आकृति प्रदान करता है और ठीक उसी प्रकार एक श्रेष्ठ सक्षम शिक्षक भी अपने शिक्षर्थियों को गढ़ने का कार्य कर उन्हे श्रेष्ठ श्रेयष्कर नागरिक बनाता है जो राष्ट निर्माण में हमेशा अपने सकरात्मक भूमिका अदा करते है। डॉ. द्विवेदी आगे विशेष रूप से स्पष्ट किया कि धीर-गम्भीर सहज-सार्थक राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित शिक्षक अपने विद्यार्थियों को विषयक गुढ़-ज्ञान, तथ्यों, सिद्धांतों, नियमों एवं सूत्रों आदि की शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हे वैचारिक रूप से समृद्ध कर उन्हें सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक कार्य-कर्म के लिए अभिप्रेरित करता है एवं कठिन से कठिन परिस्थितियों में समस्याओं के सरल सफल हल निकालने हेतु पूर्ण रूप से सक्षम और शक्तिशाली भी बनाता है। आईयें भारतीय सनातम संस्कृति परम्परा में शिक्षक की शीर्ष एवं श्रेष्ठ भूमिका निभाने वाले आचार्य, महर्षि, शिक्षक वशिष्ठ, संदीपन, विश्वामित्र, द्रोणाचार्य, चाणक्य के महा व्यक्तित्व-कृतित्व को हमेशा स्मृत रखे और शिक्षक दिवस के पवित्र-पावन सौद्वेश्य-संदेश को मंशा-वाचा-कर्मणा से सार्थक करें। यही शिक्षक दिवस का सभी के लिए परम संदेश है।

# महरूम में हुआ कबड्डी प्रतियोगिता- बम्हनी बालोद की टीम ने मारी बाजी



**डोंगरगांव (दावा)। अंचल में स्थित ग्राम महरूम में अमर ज्योति क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 2 सितंबर को हुआ।**

इस गरिमामय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान हनुमान की तैलचित्र पर पूजा वंदन और रिबन काटकर किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन के लिए अनेक पुरुस्कारों की घोषणा की गई थी, जिसमें प्रथम स्थान पर बम्हनी बालोद की टीम, द्वितीय स्थान पर मुड़िया तथा तृतीय स्थान पर रतनभाट, चतुर्थ स्थान पर जेवरतला की टीम रही। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में किशुन साहू जनपद सदस्य शामिल हुए।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर बीरसिंह पवार ने की। आयोजन में विशेष अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच अशोक सेवता शामिल हुए और कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक पुरषोत्तम बया, पंकज देवांगन, मुकेश मांडवी, दुग्गी साहू, धर्मेंद्र साहू, राहुल, अनमोल, रेखचंद सहित समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों की सराहनीय भूमिका रही है।

# केसीजी जिले के बैहाटोला शाला में कला के माध्यम से शैक्षिक विकास





खैरागढ़ (दावा)। आज के भाग दौड़ में जब किसी के पास समय नहीं है, तब सभ्यता और संस्कृति की बात करना भी निरर्थक लगता है। लेकिन ऐसे में कुछ एक वर्ग बच जाता है, जिसने हर पल संस्कृति और सभ्यता को बचाने का बीड़ा उठा लिया हो, जिसमें साहित्यकार, कलाकार, पत्रकार जैसे दुर्लभ लोगों को उंगलियों में गिना जा सकता है। इन्ही में से एक कलाकार किशोर शर्मा का भी नाम लिया जा सकता है। किशोर नाम के ही अनुरूप है, इनके विचारों को जानकर अपने किशोरावस्था में डूब जायेंगे।

कबाड़ को जुगाड़ कर लोहे, मेटल, से नृत्यांगना, चक्का चलाता ग्रामीण, आदिवासी महिला, खेतिहर महिला, माँ बेटा जैसे दैनिक दिनचर्या पर बने स्कल्पचर टच इनके कार्य को जीवन्त कर देता है। किशोर के काम मे संस्कृति की झलक दिखती है। जब संस्कृति विलुप्त और धूमिल भी हो रही है। तब किशोर शर्मा की कलाकृतियाँ सहज ही हर किसी को अपनी ओर खींच लेती है। कलाकार किशोर शर्मा मिडिल स्कूल बैहाटोला में नवाचारी प्रधानपाठक के रूप में कार्यरत हैं। स्कूल में शून्य निवेश से नवाचार के लिये व अन्य गतिविधियों के लिये सम्मानित हुये हैं। उन्होंने देश के अनेकों जगह कमीशन वर्क के अलावा देश व विदेश के गैलरियों में प्रदर्शनी लगाये हैं। इनकी कलाकृतियां देश विदेश इटली, फ्रांस, कनाडा, जापान, यूएसए, जर्मनी, रूस, के अलावा भारतीय संसद भवन दिल्ली में संग्रहित है। समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नदी सफाई की दिशा में बराबर जुटे रहते हैं। कलाकार के रूप में नई गतिविधियों में भागीदारी देते हैं। बच्चों के लिये वर्कशॉप किये।

कलाशिक्षा को जन मानस तक पहुंचाने, कलकत्ता, दिल्ली, बनारस, मुजफ्फरनगर जैसे बाजारों में कला प्रदर्शन किये। वर्तमान में किशोर अपनी कला सबसे कठिन और कठोर माने जाने वाले कांस्य के माध्यम से अपनी भावना गढ़ते है और अब उनकी गिनती उन कलाकारों में होती है, जो संस्कृति को कला के जरिये बचाने की नित नये तरीकों का उपयोग करते हैं।

छत्तीसगढ़ के शालाओं में बेगलेश डे की घोषणा- वैसे तो छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के शालाओं में कला शिक्षक का पद नही है। लेकिन अपने हुनर को शाला में सृजनात्मक और कलात्मक गतिविधियों व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक और आत्मविश्वास बढ़ाने अलग-अलग गतिविधियां आयोजित करते रहते हैं । शाला में अलगअलग क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित करना। व्यवसायिक शिक्षा के तहत स्कूल में बच्चों को कौशल विकास हेतु मिट्टी के गमला, पेन स्टेण्ड, पेपर वेट आदि का निर्माण करना सहित कई कार्य कर रहे हैं। बच्चों के बीच कला को परोस रहे हैं, ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बड़े और सोच विकसित हो। शिक्षा में नवाचार के जरिये नये आयाम हासिल करने में माहिर हैं। अवसरों को बेहद सहज ढंग से उपयोग करते हैं। इनके कला गतिविधियों का, मीडिया न्यूज, सोशल मीडिया से प्रभावित होकर योगेंद्र अध्यक्ष कला परिषद संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चर्चा उपरांत छत्तीसगढ़ के शालाओं में बेगलेश डे घोषणा की गई थी। पुरस्कार की कतारों से इतर बच्चों को पुरस्कृत करना की इनका लक्ष्य है । 'शाला की उपलब्धि' माध्यमिक शाला बैहाटोला में अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अतिथि आमंत्रित होकर बच्चों को प्रेरित कर चुके है, शाला अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा सम्मानित हो चुका है, इनके शाला का सीएम राइज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बोलेगांव लांजी द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया है, शाला से खेल, योग में संभाग राज्य स्तर तक अपने हुनर का प्रदर्शन कर चुके है, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए चार बच्चों का एवं 1 का प्रयास विद्यालय बिलासपुर में चयन हुआ है। वही जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे प्रथम स्थान पर भूमिका यादव रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के दो छात्रों का प्रयास विद्यालय के लिए चयन



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के दो छात्रों का प्रयास विद्यालय के लिए चयन हुआ है। भैया मयंक निषाद पिता नीकलेश निषाद जिन्होंने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.66 प्रतिशत के साथ नगर में द्वितीय स्थान तथा भैया तर्पण कुमार लहरें पिता सुरेश लहरे 10वीं बोर्ड में 92.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए थे। इन्होंने प्रयास विद्यालय 11वी के लिए चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर चयन होकर हमारे विद्यालय के साथ-साथ नगर को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद एवं पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दिए है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए है।


































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com